तापमान

अधिकतम 32.1 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



बृहस्पति बाजार सड़क से ठेले वालों का अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका है। यहां दर्जनों की संख्या में ठेले शाम से ही लगा लिए जाते हैं।



नगर में आज

भाजपा शहर जिला कार्यसमिति की बैठक

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर कार्यसमिति की बैठक सोमवार 5 अक्टूबर को होने जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों को लेकर 5 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से भाजपा कार्यालय करबला में जिला बिलासपुर शहर की जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्रमुख रूप से विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी उपस्थित रहेंगे।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष बैठक लेगी

बिलासपुर। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा द्वारा बिलासपुर महिला कांग्रेस की विशेष बैठक 5 अक्टूबर सोमवार को ली जाएगी। यह बैठक तिलकनगर स्थित कांग्रेस भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के महिला कांग्रेस से जुड़े सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होगी।

इन इलाकों में रहेगी बिजली बंद

बिलासपुर। बिजली कंपनी ने विद्युत लाइनों और उपकरणों के मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है। शहर के अलग-अलग जोन में सप्लाई बंद रखकर मेंटेनेंस किया जा रहा है। कंपनी के अनुसार संबंधित क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। 5 अक्टूबर को मधुबन रोड, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, लक्ष्मी टॉकीज, दयालबंद, कतियापारा, भूतवारी ट्रांसफार्मर, नारियल कोठी, मधुबन व जंगल चौक तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान गांधी चौक फीडर, मन्नू चौक फीडर, नारियल कोठी व कतियापारा फीडर बंद रहेंगें।

एटीआर विस्थापन : एक गांव के निवासी नए घर में मनाएंगे अपनी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के तीन गांव के 171 परिवारों का नए स्थान पर विस्थापन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत पहले चरण में मुंगेली वन मंडल के क्षेत्र में सावंतपुर और भरतपुर के जोगीपुर व अन्य स्थानों पर 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। तीन गांव में से प्रथम चरण में एक गांव तिलईडबरा के ग्रामीणों का विस्थापन का कार्य जोगीपुर में शुरु कर दिया गया है, जहां 93 परिवार नए घर में दीपावली पर्व में दीप जलाएंगे।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया कई साल से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन

पीसीसीएफ ने जल्द पूरा करने का दिया आदेश, जोगीपुर में चल रहा कार्य



गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। एटीआर प्रबंधन ने तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें कटाई का कार्य वर्तमान में कम्पलीट हो चुका है। तीन गांव के अलावा 16 गांव कोर जोन में अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार आदि शामिल है। इन गांव के लोगों ने पहले शिवतराई के पास जगह देखी थी, जहां रहने के लिए सभी ग्रामीणों ने अपनी अनुमति भी प्रदान कर दी।

जोगीपुर में विस्थापित ग्रामीणों के लिए काम शुरु कर दिए गए हैं, जहां प्रथम चरण में 93 परिवार के लिए 55 से अधिक नए आवास बनाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है।

तीन में एक गांव का विस्थापन

एटीआर अफसरों के अनुसार 19 गांव में से तीन गांव तिलईडबरा, बिरारपानी, छिरहट्टा में रहने वाले 171 परिवार के लिए मुंगेली में जगह चिन्हांकित की गई है। प्रत्येक घर के अलावा किसानी के लिए खेत व बच्चों के लिए गार्डन या फिर परिवार को 15-15 लाख रुपए दिया जाना है। बिरारपानी, छिरहट्टा को छोड़कर तिलईडबरा के ग्रामीणों के लिए नए आवास बनाने का काम तेजी से हो रहा है, जो संभवतः दीपावली तक कम्पलीट कर दिया जाएगा। इसी बीच दूसरे गांव के विस्थापन का भी कार्य होगा।

चल रहा है काम

एटीआर के विस्थापित ग्रामीणों को नए स्थान पर बसाने के लिए काम की शुरुआत कर दी है। जोगीपुर में करीब 55 नए आवास बनाए जा रहे हैं, जिसका काम तीव्र गति से किया जा रहा है। इसके लिए नींव अन्य अन्य डेवलपमेंट का कार्य करीब-करीब पूरा हो चुका है। जल्द ही यहां ग्रामीण अपना आवास बना सकेंगे।

– **दिनेश कुमार पटेल** डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

सिम्स में प्रतिदिन 40 से अधिक जांच, फिर भी वेटिंग में मरीज

सोनोग्राफी जांच के लिए महीनों की पेंडेंसी



एनामली और कलर डाप्लर जैसी जांच के लिए भटकते है मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में रोजाना 40 से अधिक सोनोग्राफी जांच की जा रही है, 4 डाक्टरों की टीम जांच व रिपोर्ट दे रही है, इसके बावजूद मरीजों को वेटिंग में रखा जा रहा है। विभागाध्यक्ष का कहना है कि 11 डाक्टरों की स्वीकृति है, जिसमें 4 ही कार्यरत हैं, ऐसे में बिना स्टाफ के वेटिंग लिस्ट को कम करना मुश्किल हो चुका है। खास बात यह है कि एनामली, कलर डाप्लर, स्पेशल इन्वेटिंगेशन जांच के लिए 2 से 3 माह की वेटिंग दिखाई दे रही है।

संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में आधुनिक मशीनों से जांच हो रही है, लेकिन डाक्टर और स्टाफ की कमी मरीजों को पूरी सुविधा देने में असमर्थ साबित हो रही है, यही कारण है कि सिम्स में 2 सोनोग्राफी मशीन होने के बाद भी मरीजों को लंबी वेटिंग मिल रही है और मरीज इलाज के लिए बाहर से सोनोग्राफी कराने पर मजबूर हो चुके हैं।

कोनी की नेहा यादव ने बताया कि पिछले कई दिनों से सोनोग्राफी के लिए भटक रही है, लेकिन इस बार 5 अक्टूबर को बुलाया गया है। इसी प्रकारण बिल्हा बरतौरी से आए खेलमती बाई 24 वर्ष ने बताया कि वह 5 माह की गर्भवती है और उसे एनामली जांच लिखा गया है, लेकिन सोनोग्राफी के डाक्टर ने 2 माह बाद आने की बात कहकर टाल दिया है। यही हाल अन्य मरीजों के साथ भी किया जा रहा है।

11 बजे आते हैं डाक्टर

खास बात यह है कि स्पेशल जांच के लिए मरीजों को पहले से बुलाया जाता है और बकायदा तारीख दी जाती है, मरीज सुबह से आकर बैठ जाते हैं, लेकिन सोनोग्राफी के डाक्टर 9 बजे के बजाए 11 बजे रेडियोलॉजी विभाग में पहुंचते हैं, ऐसे में कम मरीज देख पाते हैं, वहीं 2 बजे से पहले डाक्टर काम छोड़ भाग खड़े होते हैं। एक ओर बायोमेट्रिक अटेंडेंस की अनिवार्यता की जा रही है, लेकिन सिम्स के डाक्टर बेलगाम हो चुके हैं।

जांच में समय लगता है

हमारे पास 4 डाक्टर मौजूद है, सभी सोनोग्राफी की जांच और रिपोर्ट इन्हीं डाक्टरों के द्वारा की जाती है। जहां तक लंबी वेटिंग लिस्ट की बात है तो वह डाक्टर ही डिसाइड कर तारीख देते है। सिम्स में महज सोनोग्राफी नहीं हो रही है, एनामली जांच, कलर डाप्लर, मसल्स सोनोग्राफी तक की जा रही है, जिसमें 1 घंटे का समय लग रहा है, जिसके चलते वेटिंग है।

– **डॉ अर्चना सिंह,** एचओडी
रेडियोलॉजी विभाग

अस्पताल से भागा मरीज, गार्ड ने दो दिन तक खोजा, मरच्यूरी में मिला शव



- सिम्स अस्पताल का मामला, सेंदरी मेंटल अस्पताल से लाया गया था मरीज।
- मरीजों की देखरेख में बरती जा रही है लापरवाही।

सेंदरी मेंटल अस्पताल में भर्ती मरीज की तबीयत 25 सितंबर को खराब हो गई, उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया, लेकिन इलाज के दौरान मरीज भाग खड़ा हुआ। ड्यूटी पर पहुंचे गार्ड को उसके भागने की जानकारी मिली, गार्ड ने दो दिनों तक उसे खोजा, लेकिन रविवार को उसका शव मरच्यूरी में मिला है।

जानकारी के अनुसार सेंदरी मेंटल अस्पताल में मानसिक चिकित्सा के लिए भर्ती मरीज की तबीयत खराब हो गई। जिसे इलाज के लिए 25 सितंबर को सिम्स में भर्ती किया गया, यहां उसका इलाज किया जा रहा था। 8 दिन पहले मरीज अचानक गायब हो गया, जिसे अन्य लोगों ने सड़क से पकड़कर दोबारा सिम्स में भर्ती किया, लेकिन दो दिन पहले एक बार फिर मरीज गायब हो गया, जिसकी जानकारी गार्ड को मिली। इसके बाद गार्ड ने उसे दो दिनों तक ढूंढा, उसका पता नहीं चल सका। रविवार को ड्यूटी पर आने के बाद गार्ड ने दोबारा मरच्यूरी में जाकर उसकी पतासाजी की, जिसके बाद उसका शव मरच्यूरी के फ्रीजर में मिला है। घटना के बाद मेंटल अस्पताल और सिम्स अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों के इलाज और देखभाल में हो रही लापरवाही की परत खुल रही है। इससे पहले भी सिम्स अस्पताल में इलाज करा रही महिला एक माह पहले भाग चुकी है, जिसका अब तक पता नहीं चल सका है।

देखरेख की जिम्मेदारी सिम्स की

हमारे यहां से गंभीर मरीजों को सिम्स में भर्ती किया जाता है, इसके बाद उनके इलाज और देखरेख की जिम्मेदारी सिम्स अस्पताल की है। जिस मरीज की मृत्यु की जानकारी है, उसके बारे में मुझे अभी नहीं पता है, कार्यालय से संपर्क करना पड़ेगा।

– **डॉ रक्षित जोगी**
मेंटल अस्पताल

जानकारी नहीं मिली

मरीज के भागने व मौत होने की जानकारी नहीं मिली है। अगर ऐसा हुआ है तो स्टाफ से पता करना होगा। फिलहाल मैं मीटिंग के सिलसिले में बाहर हूं।

– **डॉ लखन सिंह**
सिम्स अस्पताल

बहू ने सास को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल में बात करने से मना करने पर बहू ने सास को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया। पुलिस मामले में बहू के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गंगानगर निवासी रूखमणी ठाकुर उर्फ भूखिन ठाकुर पति राजकुमार ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई। मार्च 2026 में कविता ठाकुर उनके घर में बहू बनकर आई थी। यहां आने के बाद उसकी बहू हमेशा मोबाइल में किसी से बात करती थी। उन्होंने यह बात अपने पति राजकुमार ठाकुर को बताई। 10 जुलाई को ससुर राजकुमार ने बहू से मोबाइल लेकर अपने पास रख लिया। उसके बाद बहू अपनी सास से नाराज रहने लगी। दोनों के बीच विवाद और गाली गलौज होती थी। पीड़िता रूखमणी ठाकुर ने आरोप लगाया है कि 17 जुलाई को वे उपवास थीं।

- मोबाइल में बात करने से मना करने का मामला

सुबह 11 बजे काम से घर लौटीं। कुछ देर बात उनकी बहू कविता ने उन्हें पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दिया। उसे पीने के बाद उन्होंने चाय पी, कुछ देर बाद उन्हें उल्टी होने लगी और चक्कर आने पर वे बेहोश हो गईं। उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। एक सप्ताह तक वेंटिलेटर में इलाज चला। उन्होंने आरोप लगाया है कि उसकी बहू ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया था, जिससे उनकी हालत खराब हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बहू कविता के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। परिजन ने आरोप लगाया है कि मामले में साधारण धारा लगाकर खानापूर्ति की गई है। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज नहीं किया गया है। मामले की उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

जेवर व नकद लेकर भागने का आरोप

पीड़िता श्रीमती ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनकी बहू घर से सोने चांदी के जेवर व 3.50 लाख रुपए लेकर अपने मायके मुंगेली ग्राम टिंगीपुर चमारी चली गई है।

रोटरी मार्ग में झांक रहे सरिए, हादसे का अंदेशा



बिलासपुर। बृहस्पति बाजार को निकलने वाले रोटरी मार्ग में कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। नाले के ऊपर ढलाई करके तैयार किए गए इस मार्ग से ढलाई उखड़ने लगी है और सड़क पर लगाया गया सरिया बाहर आ चुका है। हालत यह है कि जमीन से ऊपर उठे सरिया की रगड़ से न केवल वाहनों के टायर फट रहे हैं, वहीं वाहनों के चक्कों में सरिया फंसने से वाहन चालकों के गिरने का भी खतरा भी है।

विद्यालय में अमर्यादित आचरण करने पर शिक्षक को निलंबित करने के निर्देश

बिलासपुर। कोटा विकासखंड के अनुदान प्राप्त विद्यामंदिर प्राथमिक शाला, बेहरामुड़ा में पदस्थ सहायक शिक्षक चतरपाल सिंह राज के विरुद्ध गंभीर अनुशासनहीनता के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को संबंधित शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, प्राप्त शिकायतों, प्रारंभिक जांच प्रतिवेदनों और वायरल वीडियो में शिक्षक द्वारा 3 अक्टूबर को विद्यालयीन समय में शराब के नशे में विद्यालय परिसर में अभद्र एवं अमर्यादित आचरण किए जाने की पुष्टि हुई है। शासकीय हाई स्कूल बेहरामुड़ा के प्राचार्य तथा संकुल शैक्षणिक समन्वयक के प्रतिवेदनों में शिक्षक द्वारा प्रधानमंत्री के संबंध में भी आपत्तिजनक एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का उल्लेख है। पत्र में इस आचरण को शिक्षक की गरिमा एवं शासकीय आचरण के विपरीत बताते हुए शिक्षण संस्था की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाला कहा गया है। संस्था का प्रबंधन विद्यालय प्रबंध समिति के अधीन होने के कारण समिति को अनुदान प्राप्त संस्थाओं के नियमों एवं शासकीय प्रावधानों के तहत त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर समस्त वेतन भुगतान की कार्रवाई रोकने की चेतावनी भी दी गई है।

तेज धूप ने निकाला पसीना, गर्मी से राहत नहीं

बिलासपुर। मानसून के लौटते ही सूरज अपनी क्षमता के साथ दिन में दस्तक दे रहा है, यही कारण है कि उसकी चमक के कारण पारा चढ़ने लगा है। शहर में 33.4 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

आसमान पूरी तरह से साफ हो चुका है। इस दौरान बादल गायब है, जिसके चलते सूरज की किरणें सीधे धरती पर पड़ रही है। दक्षिण पश्चिम मानसून अब तय हो चुकी है, वापसी रेखा सुपौल, रांची, रायपुर से होकर गुजर रही है। इस दौरान प्रदेश के कुछ जगहों पर हल्की बारिश होने की आशंका है, लेकिन यह भी पूरी तरह से कमजोर पड़ चुकी है। अब आम लोग सर्दी का इंतजार कर रहे है, लेकिन मौसम को करवट बदलने में कुछ महीनों का समय लग सकता है। फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

खबर संक्षेप

कानन पेण्डारी जू : वन्यप्राणियों की सुरक्षा करने वाले कर्मचारी सम्मानित



बिलासपुर। कानन पेण्डारी जू में जिन वन्यप्राणियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर दी जा रही है। उन कर्मचारियों का प्रबंधन ने सम्मान करते हुए मान बढ़ाया। 2 से 8 अक्टूबर तक वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को तीसरे दिन कानन पेण्डारी जू के संचालक गणेश यूआर के मार्गदर्शन में जंगल तक फाउंडेशन के स्वयंसेवकों की ओर से जू के कर्मचारियों, जू कीपर अन्य कर्मियों के लिए विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन्यप्राणियों की देखभाल, सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिदिन समर्पण के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना और उनके अनुभव को लोगों तक पहुंचाना था। कर्मचारियों ने बताया कि वन्यप्राणियों की देखभाल केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि निरंतर संवेदनशीलता, धैर्य और समर्पण की मांग करने वाली सेवा है। वन्यप्राणियों के स्वास्थ्य, भोजन और व्यवहार, सुरक्षा से लेकर उनके रखरखाव की पूरी प्रक्रिया सावधानी व जिम्मेदारी से बरती जाती है। सम्मान और अनुभव साझा कार्यक्रम में कानन जू की रेंजर सुखबाई कंवर, डिप्टी रेंजर संतोष कुमार कांत, स्वयंसेवक शुभम टंडन, अथर्व तिवारी, ऋषि मधेशिया सहित कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ स्कूल के 75 वर्ष पूर्ण होने पर दिसंबर में अमृत महोत्सव



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने पर 13 दिसम्बर को अमृत महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें शिक्षक सम्मान एवं भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तैयारी बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम की व्यवस्था, दायित्व, कार्य विभाजन एव अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, स्टेज व्यवस्था, बैठक, अतिथियों की सूची, मुख्य अतिथि, स्वागत, पार्किंग, भोजन नाश्ता, आमंत्रण पत्र, सहयोग राशि, बैनर पोस्टर आदि सभी विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सुबह नाश्ता, चाय एवं दोपहर का भोजन रहेगा। कार्यक्रम स्कूल परिसर में ही कराने निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में प्रवेश करने के लिए परिचय पत्र बनाया जाएगा। आज की बैठक में डॉ. श्रीश मिश्रा, पूर्व कुलसचिव सुधीर शर्मा, परमेश्वर प्रसाद सोनी, आलोक शुक्ला, जितेंद्र श्रीवास्तव, अश्विनी मिश्रा, रामेश्वर सोनी, लोकेश शुक्ला, विक्रम आदि उपस्थित थे।

लायंस क्लब स्माइल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



बिलासपुर। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा आज आमजन के लिए, हैपिली कोयर ,कंपनी गार्डन के सामने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। क्लब का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं एवं जागरूकता पहुंचाना रहा। इस अवसर पर लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल की अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव दीप्ति लता साहू तथा डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डॉ. सुरभि राजगीर, रेणुका श्रीवास्तव, लक्ष्मी निर्मलकर सीमा श्रीवास्तव प्रीतम केवट अंशिका सोनी प्रियंका निर्मलकर आकृति सोनी, रिकू सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष रीता राजगीर ने कहा कि स्वस्थ समाज ही मजबूत समाज की नींव है। लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण एवं जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना क्लब का प्रमुख उद्देश्य है।

लायंस क्लब मिडटाउन ने वृद्ध आश्रम में किया सामान वितरण



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन परिवार ने पितृ पक्ष श्राद्ध के अवसर पर सुहाणी वृद्ध आश्रम जोरापारा में दैनिक जीवन में उपयोग की वस्तु तौलिया, साबुन तेल, पाउडर, कंघी आदि सामानों का वितरण किया। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारी के अलावा क्लब सदस्यों की उपस्थिति रही।

लायंस क्लब ने मनाया सेवा सप्ताह छोटे बच्चों को दिया पोषण आहार

बिलासपुर। लायंस क्लब की ओर से आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को मातृछाया पहुंचकर छोटे बच्चों एवं शिशुओं के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। क्लब सदस्यों ने बच्चों के बीच समय व्यतीत करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित आवश्यकताओं को समझा तथा सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर हरदीप सिंह सलूजा, श्रीकांत सहारे , मनीष चंदेल सचिव, रौनक अग्रवाल कोषाध्यक्ष, डॉ. हर्ष पांडेय जेडसी, बृजमोहन अग्रवाल, सीए विनोद मित्तल, प्रकाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मोहन होनप, विजय क्रांति तिवारी, डॉ.राजेश दुबे, सीए अमित अग्रवाल, डॉ.अरुण शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

यात्रियों को राहत नहीं — **बिलासपुर एसईसीआर ने जोन की ट्रेनें रोकने का जारी किया आदेश**

तीन माह थमे रहेंगे हमसफर और टाटा बिलासपुर एक्सप्रेस के पहिए

बिलासपुर। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में 24 नवम्बर से लेकर 15 जनवरी 2027 के बीच 52 दिनों तक प्रति मंगलवार और शुक्रवार को मेगा ब्लाक लेकर सीनी-राजखरसावां सेक्शन के अप व डाउन लाइन में ट्रेक नवीनीकरण का कार्य टीआरटी मशीन से किया जाएगा। इसके कारण दूसरे जोन के साथ बिलासपुर एसईसीआर जोन की ट्रेनों के पहियों को रोकने का आदेश जारी किया गया है।

वहीं 23, 30 नवम्बर, 7, 14, 21, 28 दिसम्बर, 4, 11 जनवरी 2027 को 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, कटक मार्ग होकर और 26 नवम्बर, 3, 10, 17, 24, 31 दिसम्बर, 7, 14 जनवरी 2027 को 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तत मार्ग कांद्रा, सीनी टाटानगर, गामहारीया छोड़कर मार्ग से दुर्ग आएगी। इसी तरह 24 व 27 नवम्बर, 1, 4, 8, 11, 15, 18, 22, 25, 29 दिसम्बर, 2027 जनवरी के 1, 5, 8, 12, 15 को 18109/18110 अप-डाउन टाटानगर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस। 25 नवम्बर को, 2, 9, 16, 23, 30 दिसम्बर को, 2027 जनवरी माह में 6, 13 को 12768 सांतरागाछी से नांदेड़ के बीच चलने वाली एक्सप्रेस। 21 नवम्बर को, 5, 12, 19, 26 दिसम्बर को, 2027 जनवरी माह में 2, 9 को 20822 सांतरागाछी से पुणे के बीच चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस। 23, 30 नवम्बर को, 7, 14, 21, 28 दिसम्बर को, वर्ष 2027 जनवरी माह में 4, 11 को 20821 पुणे-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस रद्द की जाएगी।

74 दिन दादर में शार्ट टर्मिनेट होगी हावड़ा-मुम्बई मेल

इसी तरह 12810 हावड़ा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मेल एक्सप्रेस को दादर स्टेशन में 74 दिन तक शार्ट टर्मिनेशन किया जाएगा। रेल अफसरों के मुताबिक मुम्बई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में पुनर्विकास कार्य के लिए प्लेटफार्म नम्बर 14 व 15, स्टेबलिंग लाइन संख्या 15 पर लिए जाने के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इसकी वजह से हावड़ा से बिलासपुर होकर मुम्बई के बीच चलने वाली 12810 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस को 1 अक्टूबर से लेकर 13 दिसम्बर तक दादर स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट किया जाएगा। यह गाड़ी दादर से आगे स्टेशन न जाकर वापस मुम्बई-हावड़ा बनाकर बिलासपुर के लिए रवाना की जाएगी।

दुर्ग से बोधगया के लिए सीधी ट्रेन की मांग ठंडे बस्ते में

छत्तीसगढ़ से बिहार के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व धार्मिक स्थल गया बोधगया के लिए दुर्ग से सीधी ट्रेन चलाने की मांग लंबे समय से फाइलों में अटकी हुई है। बिलासपुर के न्यू सिटी पार्क कॉलोनी, मोपका निवासी जनार्दन प्रसाद पाल ने 9 मार्च को मुख्यमंत्री के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर दुर्ग से गया तक नियमित ट्रेन शुरू करने का अनुरोध किया था। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय के अवर सचिव मुकेश कुमार गोंड ने मंडल रेल प्रबंधक रायपुर को आवश्यक कार्रवाई करने और आवेदक को सूचित करने के निर्देश जारी किए थे। मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मंडल वाणिज्य प्रबंधक को पत्र भेजकर इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए कहा गया। पत्राचार में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि वर्तमान में इस रूट पर चलने वाली ट्रेनें, जैसे एलटीटी-गया एक्सप्रेस (22357), अत्यधिक भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट से जूझ रही हैं। बोधगया एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय तीर्थस्थल होने के कारण छत्तीसगढ़ से वर्षभर श्रद्धालु, छात्र, प्रतियोगी अभ्यर्थी और श्रमिक वहाँ यात्रा करते हैं, जिन्हें सीधी ट्रेन न होने से महंगे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ में रहने वाले बिहार मूल के नागरिकों के लिए अपने पूर्वजों के पिंडदान, श्राद्ध और अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए गया जाना अत्यंत आवश्यक होता है। इसीलिए इन दिनों ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं है। पत्राचार होने के महीनों बाद भी रेलवे द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और जनहित का यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव अब तक ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।

जमीन दिए जाने के प्रस्ताव का सामान्य सभा में हुआ अनुमोदन

घुरू में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज के लिए निगम ने दी 5 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज के लिए जमीन दिए जाने का निर्णय हो गया है। नगर निगम के एमआईसी के बाद 5 एकड़ जमीन दिए जाने का प्रस्ताव पिछले दिनों सामान्य सभा में रखा गया था, जिसपर अनुमोदन हो गया है और विधिवत 5 एकड़ जमीन निगम द्वारा इंग्लिश मीडियम कालेज को आबंटित कर दी जाएगी।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज का नया भवन नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत घुरू में बनेगा। कालेज भवन सहित सुविधायुक्त खेल मैदान व हास्टल निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा 5 एकड़ जमीन शासकीय आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज को आबंटित किए जाने का रास्ता साफ हो गया है और पिछले सप्ताह नगर निगम में हुए सामान्य सभा की बैठक में जमीन देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई है। इसके पूर्व कालेज की ओर से नगर निगम को पत्र लिखकर जमीन की मांग की गई थी।

इंग्लिश मीडियम कालेज में शासन के नियमानुसार कम शुल्क में निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों के विद्यार्थियों को अध्ययन कराया



जाता है। इस कालेज में नए भवन एवं छात्र-छात्राओं के 100 सीटर हास्टल व सुविधायुक्त खेल मैदान भी विकसित किया जाना है। इसलिए घुरू स्थित खसरा नंबर 495/2 भूमि में से 5 एकड़ जमीन इंग्लिश मीडियम कालेज और हास्टल निर्माण के लिए दिया गया है। उक्त खसरा नंबर रकबा 6.6980 हेक्टेयर में रकबा 5 एकड़, 2.023 हेक्टेयर भूमि कालेज को दिए जाने के उपरांत शेष भूमि नगर निगम के नगर विकास योजनाओं के कार्यों के लिए सुरक्षित रहेगी।

पुराने हाईकोर्ट भवन में संचालित हो रहा कालेज

राज्य सरकार द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में 7 स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम कालेज खोले गए हैं, जिसमें से जिले में एकमात्र कालेज बिलासपुर में खोला गया है। कालेज का अपना खुद का नया भवन नहीं बन पाया है इसलिए यह इंग्लिश मीडियम कालेज वर्ष 2023 से हाईकोर्ट वाले शहर के पुराने भवन में संचालित हो रहा है। चूंकि अब नगर निगम से घुरू में कालेज के लिए जमीन मिल गई है इसलिए आगामी वर्षो में कालेज का अपना खुद का भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

10 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा

शासन ने इंग्लिश मीडियम कालेज के नए भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिया था, किन्तु नए भवन निर्माण के लिए जमीन नहीं मिल रही थी। इस वजह से राशि स्वीकृत होकर पड़ा था। अब कालेज भवन के लिए घुरू में जमीन मिल गई है। इसके भवन निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति पहले ही हो चुकी है और पीडब्लूडी द्वारा टेंडर प्रक्रिया के बाद भवन निर्माण का कार्य चालू भी करा दिया गया है। 10 करोड़ रुपए की लागत से जी-प्लस वन कालेज भवन सहित दो हास्टल भवन ब्वायस व गर्ल्स के लिए अलग-अलग निर्माण कराया जा रहा है।

हाउसिंग बोर्ड ने मांगा पशुपालन विभाग का कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पशुपालन विभाग की कोनी मुख्य मार्ग स्थित तेरह एकड़ जमीन हाउसिंग बोर्ड की नजर में आ चुकी है। वर्तमान में पशुपालन विभाग यहां हेचरी का संचालन कर रहा है। बोर्ड ने इस जमीन की की मत क ले क टर गाईडलाईन के अनुसार 34. 14 करोड़ रूपए आंकी है। बोर्ड ने पशुपालन विभाग से इस जमीन पर री-डवलपमेंट प्लान बनाने की सहमति मांगी है।

- बोर्ड ने मांगी री-डवलपमेंट प्लान बनाने की सहमति

कोनी मेन रोड स्थित मुर्गीपालन प्रक्षेत्र एवं हेचरी के जल्द ही अन्यत्र शिफ्टिंग की संभावना बन रही है। हाउसिंग बोर्ड इस स्थान का बेहतर उपयोग करने की प्लानिंग कर रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा भले ही यहां मुर्गीपालन व हेचरी का संचालन किया जा रहा है, लेकिन इसकी स्थिति बदतर है। सालों पहले बनाए गए मुर्गियों के केज जमीन से दो फीट नीचे चले गए हैं, जहां बारिश के दिनों में पानी का प्रवेश होता है। उच्च स्तर पर नया निर्माण तो दूर मरम्मत के नाम पर भी किसी तरह की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। ऐसे में पूरी तरह जर्जर हो चुके इस मुर्गी प्रक्षेत्र को अन्यत्र शिफ्ट करने संबंधी शासन की योजना काफी हद तक सफल साबित होगी।

इस क्षेत्र का विकास दो चरणों में किया जाएगा। इसके अंतर्गत पहले चरण में कार्यालय भवन, पोल्ट्री फॉर्म, हेचरी, आवासीय प्रकोष्ठ भवन, दो नग 30 बिस्तर हॉस्टल भवन, गेस्ट हाऊस, उपसंचालक कार्यालय भवन का निर्माण एवं लगभग 11.00 एकड़ भूमि का बाह्य विकास कार्य मण्डल द्वारा किया जाना है। प्रथम चरण में वर्तमान में संस्था हेतु 12 नग एच-टाईप (जी+2) प्रकोष्ठ भवन का निर्माण, लगभग 4 एकड़ भूमि में पोल्ट्री फॉर्म एवं हेचरी निर्माण कार्य एवं कुल 14.047 एकड़ में से 11.00 एकड़ भूमि का विकास कार्य किया जाकर वर्तमान में कोनी में संचालित पोल्ट्री फार्म को स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह दूसरे चरण में संयुक्त संचालक कार्यालय भवन, ई-टाईप स्वतंत्र आवासीय भवन, छह एफ-टाईप (जी+2), आठ जी-टाईप (जी+1) प्रकोष्ठ भवन, दो 03 सीटर महिला-पुरुष हॉस्टल भवन (जी+1), एवं एक विश्राम गृह भवन का निर्माण भी किया जाना प्रस्तावित है। ज्ञात हो कि उक्त मुर्गीपालन प्रक्षेत्र को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग कुछ महीनों पूर्व शहर में फैले बर्ड फ्लू के दौरान भी आई थी। जिससे भविष्य की परेशानियों को ध्यान में रखकर उस दौरान इसकी शिफ्टिंग तय मानी जा रही थी। बहरहाल हाउसिंग बोर्ड ने री-डवलपमेंट प्लान बनाने की स्वीकृति पशुपालन विभाग से मांगी है।

भूमि चिन्हित की जा चुकी है

पशुपालन विभाग की कोनी मेनरोड स्थित मुर्गीपालन प्रक्षेत्र वाली तेरह एकड़ भूमि में वृहद स्तर पर डवलपमेंट करने की प्लानिंग है। शिफ्टिंग के लिए भूमि भी चिह्नांकित की जा चुकी है। कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार उस भूमि की कीमत 34.14 करोड़ आंकी गई है। हमने री-डवलपमेंट प्लान बनाने की अनुमति के लिए पशुपालन विभाग को पत्र भेजा है।

-जूही श्रीवास्तव,
ईई हाउसिंग बोर्ड

पत्र मिला है

हाउसिंग बोर्ड की ओर से हमारी कोनी मेनरोड स्थित मुर्गीपालन प्रक्षेत्र की तेरह एकड़ भूमि की मांग की गई है। यहां वे भूमि में री-डवलपमेंट करना चाहते हैं। करीब 34.14 करोड़ कीमत आंकी गई है। री-डवलपमेंट प्लान बनाने के लिए हाउसिंग बोर्ड की ओर से पत्र प्राप्त हुआ है।

-डा.जीएसएस तंवर, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

हाउसिंग बोर्ड नहीं शासन की प्लानिंग

पशुपालन विभाग की जमीन पर री-डवलपमेंट प्लान बनाने एवं इस भूमि के वृहद सदुपयोग की प्लानिंग अकेले हाउसिंग बोर्ड की नहीं है। इसे लेकर शासन ही गंभीर है। दरअसल सामान्य प्रशासन विभाग प्रदेश में विभिन्न विभागों, निगम, मंडल, कंपनी एवं बोर्ड के अधीन शासकीय भूमि पर निर्मित जर्जर शासकीय परिसर के व्यवस्थित विकास एवं सदुपयोग की की दिशा में पहल कर रहा है।

खैराडीह-सैदा शिफ्टिंग की योजना

मण्डल द्वारा पशु चिकित्सा विभाग की चिन्हांकित कुल भूमि 13.00 एकड़ के एवज में ग्राम खैराडीह, सैदा (सकरी) पटवारी हल्का नंबर 41 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 11/2 में रिक्त भूमि पशु चिकित्सा विभाग को आबंटन हेतु चयनित किया गया है, जिसमें पशुपालन विभाग की मांग के अनुसार 34 करोड़ रूपए की लागत से स्ट्रक्चर तैयार करके दिया जाएगा।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच ने किया पौधरोपण

बिलासपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच के संस्थापक प्रदेशाध्यक्ष स्व. बीके पान्डेय की विप्र समाज के प्रति सेवा कार्य याद करने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भगवान परशुराम मँदिर परिसर लोखंडी में किया गया। शोकसभा में वक्ताओं ने श्री पान्डेय की स्मृति में रूद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर दुर्गेश शर्मा, आदित्य त्रिपाठी, अनूप पान्डेय, गोपाल तिवारी, मनोहर लाल मिश्र, राजेश पान्डेय, दिनेश बाजपेयी, कमलेश मिश्र, करूणा शँकर अवस्थी, डा रश्मि लता मिश्रा, रीतू पान्डेय, प्रीति मिश्रा, किरण बाजपेई, शिखा दुबे, कामना तिवारी, सुनील दत्त मिश्र, डा विवेक बाजपेयी, अजीत शुक्ल, अरूण शुक्ल, रज्जन अग्निहोत्री,लक्ष्मीकांत दीक्षित, शास्वत तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, संतोष दीक्षित, आलोक शुक्ल, रविन्द्र मिश्र, श्रवण शुक्ल, सुधीर दीक्षित, रोहित बाजपेई, शिवा मिश्र, अरविन्द दीक्षित, राजेश शुक्ल, पवन तिवारी, जगदीश त्रिवेदी, बँकिम मिश्र, राजीव मिश्र, डा राजीव अवस्थी, प्रभात मिश्र, मनोज शुक्ल, राजेन्द्र मिश्र, रमेश तिवारी, मनोज दीक्षित, आदित्य मिश्र, सुदेश दुबे आदि मौजूद थे।



बोर्ड के आदेश को नहीं मान रहे जोन के अफसर

बिलासपुर। रेलवे बोर्ड ने एक महिला कर्मचारी के विभाग को बदलने का आदेश जारी किया, लेकिन आदेश मिलने के बाद जोन के अफसरों ने उसे लंबित प्रकरण में रख दिया है। इसके कारण कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। इस मामले को लेकर एक दिन पहले बिलासपुर से रायगढ़ तक एसईसीआर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के निरीक्षण के दौरान साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे श्रमिक यूनियन ने मुलाकात की। यूनियन की ओर से शाखा सचिव अजीत कुमार, अध्यक्ष राजेश सिंह, शाखा के अन्य पदाधिकारी जेपी सिंह, विवेक ताम्रकार, डीके सोनी, विशाल दुबे, मनीष कुमार, अमरेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार, राहुल यादव शामिल थे। महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर रेल कर्मचारियों की समस्या से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने कहा कि इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत एक महिला स्टाफ विभा कुमारी को रेलवे बोर्ड की ओर से विभाग बदलने का आदेश जारी कर दिया गया है, जिसे जोन मुख्यालय ने अब तक लंबित रखा हुआ है। इस मांग को महाप्रबंधक और आरसीपीओ ने गंभीरता से लेकर जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया है। इसके अतिरिक्त रायगढ़ लॉबी में 25 अगस्त से स्वतंत्र कार्य कर रहे 38 असिस्टेंट लोको पायलटों का पोस्टिंग लेटर जारी नहीं किया गया, जिसे बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीपीओ, सीनियर एपीओ, डीईई ओपी ने एक दो दिन में पोस्टिंग लेटर जारी करने कहा।

पत्रकार महासंघ की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सर्किट हाउस में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने और पत्रकारों को संगठन से जोड़ने पर चर्चा की गई। कार्यकारिणी ने जिले में तहसील और विकासखंड स्तर पर महासंघ की इकाइयों का गठन करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर ने की। प्रदेश अध्यक्ष तिलकराज सलूजा और प्रदेश महासचिव गणेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्री सलूजा ने महासंघ की आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश महासचिव गणेश विश्वकर्मा ने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती के लिए सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने तहसील और विकासखंड स्तर पर इकाइयों के गठन को संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर ने आगामी गतिविधियों और संगठन की कार्ययोजना पर जानकारी दी। बैठक में अमजद रजा खान, प्रियंका ठाकुर, सुदेश दुबे, शिवा गोरख, पवन सोनी, मो. इस्त्राइल, हरिकिशन गंगवानी, राजेश श्यामनानी, अमन सिंह ठाकुर, शिशु तिवारी, प्रवीण सिंह ठाकुर, शेरे मारे, संतोष सोनी, नारायण कुमार, संतोष मिश्रा, राहुल मानिकपुरी, प्रियंका सिंह ठाकुर, हितेंद्र भारद्वाज, अश्विनी सिंह ठाकुर, पिंकू यादव आदि मौजूद थे।

आधा दर्जन ग्रामीण इलाकों में है दहशत का माहौल

दो टाइगरों ने बेलगहना और कोटा में बनाना शुरु कर दिया अपना इलाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के दो टाइगरों ने कोटा के साथ बेलगहना क्षेत्र में अपना इलाका बनाना शुरु कर दिया है, जिसके कारण आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं वन विभाग के अधिकारी अब तक मादा और नर टाइगर की पहचान नहीं कर सके हैं।

- अब तक मादा और नर की पहचान नहीं

पिछले एक माह से दो टाइगर बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र में घूम रहे हैं। एटीआर के ग्रामीण और बफर एरिया के साथ ही टाइगर बिलासपुर वन मंडल और वन विकास निगम के क्षेत्र में भी पहुंचने लगे हैं। कुछ दिन पहले कोटा वन परिक्षेत्र के दमनपुर गांव में अपने खेत पर खाद डालने वाले किसान पर अचानक एक टाइगर ने हमला कर दिया था। किसान के पास घमेला और औजार होने के कारण उसकी जान तो बच गई, लेकिन इस घटना से ग्राम पिपरखूंटी, परसदा, दवनपुर, मानपुर, औरापानी, शिवतराई और आसपास के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण क्षेत्रो में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में जिस स्थान पर टाइगर का पगमार्क मिला था, उस स्थान पर एटीआर प्रबंधन ने ट्रैप कैमरा लगाकर रखा गया है, ताकि टाइगर की तस्वीर उसमें कैद हो सके। टाइगर की तस्वीर नही आने के बाद कैमरे को वापस निकाल लिया गया, ताकि वह चोरी न हो सके।

पहले टाइगर फिर टाइग्रेस के साथ शावक

कोटा के नवागांव क्षेत्र में ग्रामीणों ने टाइगर को देखा था। वन विभाग की टीम ने सर्चिंग करना शुरु कर दिया, लेकिन टाइगर का कहीं भी पता नहीं चल सका। इसके बाद कोटा और शिवतराई के बीच में बसे गांव सलका में मादा टाइगर के साथ दो शावकों को देखा गया। ग्रामीणों से सूचना मिलते ही कोटा वन परिक्षेत्र की टीम अलर्ट हो गई, जिसके बाद मादा टाइग्रेस के साथ शावकों के पग मार्क भी मिले। पग मार्क मिलते ही शावकों के साथ टाइग्रेस की खोजबीन शुरु कर दी गई।

शावकों को बचाने जंगल से बाहर

विभागीय अफसरों के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व में टाइगरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके हिसाब से जंगल छोटे पड़ रहे हैं। दूसरे टाइगरों से अपने शावकों को बचाने के लिए मादा टाइगर गांव की ओर आ जाती है, ताकि शावक सुरक्षित रह सकें। इसके कारण कोटा और बेलगहना के जंगल और ग्रामीण एरिया में भी टाइगरों को देखा जा रहा है।

एसटीआरएफ की निगरानी

टाइगर का क्षेत्र में होना बड़ी उपलब्धि है, जो कोटा व बेलगहना के जंगल को अपना इलाका बना रहे हैं। वहीं विभाग की ओर से ग्रामीणों को भी लगातार अलर्ट किया जा रहा है। टाइगर के लिए कैमरा तो नहीं लगाया है, लेकिन एक विशेष एसटीआरएफ की टीम उसपर लगातार निगरानी रखी हुई है।

-अनिल भास्करन, उप वनमंडलाधिकारी, कोटा वन परिक्षेत्र

एक पेड़ मां के नाम थीम पर स्वच्छता की ली शपथ

बिलासपुर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन निर्धारित थीम के अनुरूप रेलवे परिसरों में स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण एवं जनजागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ओल्ड ऑफिसर क्लब में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छता शपथ के साथ एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके पश्चात महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, सेक्रो अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों पौधारोपण किया। इस दौरान रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता विषय पर आधारित आर्ट, क्राफ्ट एवं पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई । यांत्रिक विभाग द्वारा कबाड़ से जुगाड़ की थीम पर तैयार की गई आकर्षक एवं उपयोगी कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका महाप्रबंधक ने अवलोकन किया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, बिलासपुर परिसर में मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

THE INDIAN INSTITUTE OF ARCHITECTS

BILASPUR CENTER

BILASPUR - KORBA - RAIGARH - AMBIKAPUR - MANENDRAGARH

Official Website: www.iiabilaspur.org

Celebrating

WORLD ARCHITECTURE DAY

2026 | HOUSING IS A HUMAN RIGHT. BUILD IT.

"घर केवल चार दीवारें नहीं ,यह सुरक्षा, गरिमा और बेहतर जीवन की नींव है"



ANCHIT BHANDARI
CHAIRMAN



SUMIT AGRAWAL
VICE CHAIRMAN



MOHNISH ANAND
HON. SECRETARY



JAI JETHMALANI
HON. TREASURER

विश्व वास्तुकला दिवस 2026

विश्व वास्तुकला दिवस प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के प्रथम सोमवार को मनाया जाता है। सुरक्षित, पर्याप्त और किफायती आवास हर व्यक्ति की गरिमा और जीवन की मूल आवश्यकता है। इस दिशा में वास्तुकार बेहतर डिज़ाइन, अनुसंधान और जन-जागरूकता के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

वास्तुविद(आर्किटेक्ट) की भूमिका:- वास्तुकार केवल इमारतों का निर्माण नही करते, बल्कि वे सुरक्षित, टिकाऊ, किफायती और सम्मानजनक आवास की योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किफायती आवास, बेहतर शहरी नियोजन, प्राकृतिकसंसाधनों का संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण डिजाइन के माध्यम से वास्तुकार एक ऐसे भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकते हैं जहाँ हर व्यक्ति को सुरक्षित और सम्मानजनक घर मिल सके।



S.K. SHUKLA
MENTOR



ANIL MUNDLE
MENTOR



NINA ASEEM
PAST CHAIRPERSON



MANMOHAN TUTEJA
EXECUTIVE MEMBER



ANJALI AGRAWAL
EXECUTIVE MEMBER



VIPUL DESHPANDE
EXECUTIVE MEMBER



AKHILENDRA JAIN
EXECUTIVE MEMBER



SOMESH VERMA
EXECUTIVE MEMBER



PRATAP SWARNAKAR



NIRMAL AGRAWAL



S.S. GHATE



DEBASHISH GHATAK



PRASHANT BUDHIA



DEEPAK SONI



RAJNEET VERMA



ABHISHEK SHRIVASTAVA



AKASH NAYAK



MANOJ PATHAK



PRACHI PATHAK



SWATI SAHU



HARPREET ARORA



ASHISH BHAWNANI



AAKASH PURSETH



ABHISHEK KUMAR SONI



RISHI VISHWAKARMA



AKANKSHA VERMA



GAURAV KUMAR SONI



GAURAV AGRAWAL



VIVEK KUMAR YADAV



HEMANT JIWNANI



POOJA SAO



SHUBHAM NIGAM



PARUL AGRAWAL



SHRAWAN AZAGALLE



NAMRATA GUPTA



MAYANK LAKDE

KSHITIJ KUMAR THAWAITH

GARIMA GUPTA

UTKARSH JALAN

PRIYESH DEWANGAN

LABANYA BAIDYA

DIPESH DAMA

KUMAR MANGALAM GUPTA

MURTAZA VANAK

AKRITI SAHU

ARPIT MISHRA

TANIA GOUR

PIYUSH AGRAWAL

MAYANK GUPTA

ANURANJAN BHIMTE

OUR SPONSORS

MCI MARBLE CENTER INDIA
TRUELY MARBLE US

ARVIA

Naresh
BESIDE OF NARESH BAZAR, TELIPARA, BILASPUR
CONTACT NO.- 07752-405758

AMAR BUILDMART
For Every Space, Every Style
TILES | GRANITE | SANITARY WARE | MARBLE
CALL US 9406351320 9827961122
Mungeli Road, Sakri, Bilaspur

9111067200
9179861619
GAJANAN GLASS
SPECIALIST IN
SLIM PROFILE PARTITION, TOUGHEN PARTITION, DESIGNERS MIRROR, ACID ITCHING, BEND GLASS, AND GLASS WARDROBE.
Shiv talkies chowk Old high court road Bilaspur

Mob - 6264122622
9826250092
SHRI SAKET BUILDMART
Instagram id - Shrisaket_Buildmart
Address - In front of bachpan school Mangla chowk bilaspur chhattisgarh

Mohd. Shahid : 9907691866
Mohd. Sameer : 9907672986
M.S. GLASS DESIGN
Specialist in Slim Profile Partitions
All Types of Toffen Glasses, Acid Etching Color Etching Bevelling Fusion Pasco Fancy Mirror Glass Pillar etc. All Kinds of Glass Design Work Undertaken
In Front of Bangla Gas Godown, Karbala Road, Ravidas Chowk, BSP (C.G.)

Pratham Agrawal 7000190388
Nishant (Jeet) Agrawal 9493295000
Hanuman's WOOD & DECOR
We Deals In : Ply, Veneer, Modular Kitchen, Hardware
In Front of Mundra Hospital, Mangla Chaowk, Bilaspur (C.G.)

AKB BT
AGRAWAL KHAD BHANDAR
SISTER CONCERN: BHAGWATI TRADERS
AGRICULTURE | STEEL | CONSTRUCTION MATERIALS
9827117732 | TORWA MAINROAD, BILASPUR

JITENDRA S WADHWANI
+91 96305 50000
SS LIGHTS
AN EXCLUSIVE ELECTRICAL & DECORATIVE LIGHTS SHOWROOM
Opposite Suruchi Restaurant, Telephone Exchange Road, BILASPUR (C.G.)
Email id - sslightsbsp@gmail.com

Shree PARDAWALA
COMPLETE SOLUTION OF HOME FURNISHING
07752 409677
97532 64000
SHOP NO. M-2, SHRI RAM CLOTH MARKET
AGRASEN CHOWK, BILASPUR, CHHATTISGARH
OUR CATEGORIES
Curtains, Bed Padding, Wallpaper, Mattresses, PVC Flooring, Carpet, Wooden Flooring, Customised Sofa

AMIT AGRAWAL
8435997777
DADURAM TRADERS
We Deal's With All Building Materials Items
GOEL TMT | UltraTech

7828144807
Magnifique SQUARE FEET®
HAR GHAR BANEGA KHAAS

Urban Living
Mungeli Naka Chowk, Opp. Sanjay Taran Pushkar, Bilaspur
Ph.: 07752-400200, Mob.: 8085555570, 9174088888
Deals in : Sofa Work, Wallpaper, All Types of Blinds, Curtain, Mattress, PVC Flooring, Wooden Flooring, Hospital Flooring & Other Home Decor Products

9981190855
VISHESH BUILD MART
COMPLETE BUILDING SOLUTION

RATHI'S BUILD MART
Raipur | Jagdalpur | Bilaspur
Address : Vyapar Vihar Rd, Bilaspur, (C.G.) 495004
Mob.: 085188 82030

Fenesta
Better by Design
DINESH HINDUJA MOBILE. 9302222249

S2M ELEVATORS
Mobile: +91 7509337831, +91 7974007723
Address: In front of Lalit Yadav Petrol Pump, Near Mahamaya Chowk, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

9131499637
श्री शारदा MECHANICALS
Complete Concrete Solution

9302222249
Ganpati Decor
Renovate your lifestyle
Vyapar Vihar, Bilaspur,495001

JJ Ad.

खबर संक्षेप

मसना में देवी भागवत कथा 10 से

तखतपुर। श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन मसना में 10 अक्टूबर से किया जाएगा। जिसमें कथा वाचिका लक्ष्मी साहू, परायणकर्ता योगेश साहू, यजमान चमेली भागीरथी साहू है।

जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, जुआरी गिरफ्तार

तखतपुर। दशहरा दीपावली का त्यौहार समीप आते ही जुआ खेलने वालो की तादाद बढ़ गई है। हाल ही में पुलिस ने केवल एक मामले में सफलता पाई और उन जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट 3,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। दशहरा और दीपावली का त्यौहार नजदीक आते ही जुआरियों की मौज रहती है। बेधड़क खेत, घर, सार्वजनिक स्थल कार्यालयों में जुआ खेलते नजर आते है। कार्रवाई भी नही हो पाती है इसलिए वे बेधड़क जुआ खेलते है। सूत्रों के अनुसार पुलिस का सूचना मिली कि ढनढन के धान मण्डी के पीछे लोग जुआ खेल रहे है सूचना मिलते ही पुलिस मण्डी के पास पहुंचकर घेराबंदी कर कुछ जुआरिओं को गिरफ्तार किया, कुछ भाग निकले। आरोपियों में ढनढन निवासी संजय सोनवानी, पिता कन्हैया सोनवानी, प्रमोद सोनवानी पिता रामू सोनवानी, लंघवाटोला खाम्ही निवासी राकेश बंजारा, पिता राजू बंजारा पकड़ में आए। इनके पास से 1 हजार 50 रूपए नगदी एवं ताश की गड्डी जब्त की गई और इनके खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 3,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

निधन

धीरज लाल भाई मिथाणी

बिलासपुर। टिकरापारा निवासी धीरज लाल भाई मिथाणी का रविवार 4 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे।



उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन शमशान गृह में किया गया। वे सुमित मिथाणी के पिता थे।

बी. वल्लभ राव

बिलासपुर। शिवम चौक, तहसीलदार गली, हेमू नगर वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद बी. वल्लभ राव का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वर्गीय बी. पेरुमालु के सुपुत्र एवं स्वर्गीय बी. वल्लभ राव, बी. रामाराव के भाई थे।



ईश्वरी देवी आडवाणी

बिलासपुर। तेलीपारा गली नंबर 1 निवासी ईश्वरी देवी आडवाणी का स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर को सरकंडा मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। स्व. पहलाज राय आडवाणी की धर्मपत्नी एवं फेरूमल, चोइथराम, महेंद्र, कुमार, विजय कुमार एवं मनोज कुमार आडवाणी की माता थीं।



राजकुमार मेहानी

बिलासपुर। डा.खुशलानी के घर के बगलवाली गली में रहने वाले राजकुमार मेहानी (मेहंदी वाला) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कॉलोनी में किया गया। वे स्व. जस्सूमल मेहानी के पुत्र एवं मंथन मेहानी के पिता थे।



त्रिवणी देवी

गौरेला। त्रिवेणी देवी दुबे पति स्व. राजा राम दुबे का निधन 4 अक्टूबर की सुबह हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार गौरेला के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह नगर पालिका गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं राकेश दुबे की माता थी। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे, कौस्तुभ दुबे, आयुष दुबे, समयांतक दुबे की दादी थी।



क्रासिंग को बंद करने के बाद आवश्यकतानुसार आरओबी और आरयूबी बनाए जाएं

10 साल में 100 से अधिक समपार फाटक बंद कर लोगों को 126 आरयूबी और 34 बनाया गया रोड ओवरब्रिज

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

रेलवे बोर्ड के आदेश पर जोनल और मंडल स्तर पर सभी रेल क्रासिंग को बंद करने का काम किया जा रहा है। इस कार्य के तहत बिलासपुर और रायपुर डिवीजन ने प्रदेश स्तर पर 10 साल के अंतराल में अब तक 125 आरयूबी और 34 आरओबी बनाकर क्रासिंग के बेरियर बंद होने के कारण परेशान हजारों लोगों को आवागमन का साधन उपलब्ध कराया गया है।

रेल लाइन निर्माण कार्य के दौरान रेल क्रासिंग भी बनाए जाते हैं। क्रासिंग से आने-जाने वाले लोगों को बेरियर बंद होने के कारण काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। घंटों बेरियर बंद करने के उपरांत रेल प्रशासन मालगाड़ियां और यात्री गाड़ियों का परिचालन करती है। इसकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मानव रहित और मानव सहित रेल क्रासिंग पर बेरियर बंद करने और ओपन करने के लिए रेलवे को एक कर्मचारी यानि गेटमैन की भी ड्यूटी लगनी पड़ती है, जिसमें एक कर्मचारी बेरियर बंद और ओपन करने में ही पूरा समय निकाल देते हैं। इसके कारण रेलवे को भी काफी नुकसान उठाना पड़ता है। बिलासपुर से उसलापुर और बिलासपुर से रायगढ़ के रेल लाइन के बीच करीब 10 से अधिक रेलवे क्रासिंग हैं, जिसमें मुख्य रेल क्रासिंग को रेल प्रशासन ने बंद करने के बाद आरओबी और आरयूबी का निर्माण कार्य कर दिया है। वहीं रेलवे बोर्ड ने भी सभी जोन के साथ बिलासपुर एसईसीआर के तीनों डिवीजन में आने वाले मानव सहित और मानव रहित रेलवे फाटक को पूरी तरह से बंद करने का आर्डर जारी किया है। बोर्ड का आदेश है कि ऐसे क्रासिंग को बंद करने के बाद आवश्यकतानुसार आरओबी और आरयूबी बनाए जाएं, जिसके लिए रेल मंत्रालय राशि भी तत्काल आबंटित कर रही है। इस आदेश के बाद बिलासपुर रेल मंडल और रायपुर रेल मंडल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के ज्यादातर रेलवे फाटक को बंद करने के बाद रोड अंडरब्रिज और रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कर दिया है, जिसमें अब केवल 78 रेल क्रासिंग में कार्य करना शेष है।



10 साल के आरओबी और आरयूबी

0 2014-15 में तीन रोड ओवरब्रिज और 17 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2015-16 में तीन रोड ओवरब्रिज और 17 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2016-17 में सात रोड ओवरब्रिज और 16 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2017-18 में तीन रोड ओवरब्रिज और 6 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2018-19 में पांच रोड ओवरब्रिज और 8 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2019-20 में दो रोड ओवरब्रिज और 8 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2020-21 में जीरो रोड ओवरब्रिज और 10 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2021-22 में दो रोड ओवरब्रिज और दो रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2022-23 में तीन रोड ओवरब्रिज और 8 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2023-24 में दो रोड ओवरब्रिज और 8 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2024-25 में तीन रोड ओवरब्रिज और 19 रोड अंडरब्रिज कार्य।
0 2025-26 में एक रोड ओवरब्रिज और 7 रोड अंडरब्रिज कार्य।

78 रेल क्रासिंग का काम बाकी

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार एसईसीआर जोन और प्रदेश स्तर पर हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन और बिलासपुर-कटनी लाइन पर 237 से अधिक मानव सहित और मानव रहित रेलवे फाटक हैं। इसमें से 159 से अधिक रेलवे क्रासिंग को बंद कर रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे लोगों को राहत मिल रही है। वहीं वर्तमान में 78 रेल क्रासिंग शेष हैं, जिसमें भी कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत



पथरिया। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदली में रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सरगांव पुलिस के अनुसार ग्राम चंदली निवासी प्रेम लाल राजपूत, पिता रामकुमार (35) रविवार को किसी कार्य के दौरान 11 केवी हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे उपचार के लिए सरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सरगांव थाना प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र से बिजली करंट लगने से व्यक्ति की मौत होने संबंधी मेमो प्राप्त हुआ था। इसके आधार पर जांच एवं पंचनामा कार्रवाई की गई है। घटना पथरिया थाना क्षेत्र की होने के कारण आगे की कार्रवाई के लिए मामला पथरिया थाना भेजा जाएगा।

पोल शिफ्टिंग के दौरान बड़ा हादसा ऑपरेटर की मौत, मजदूर घायल

लोरमी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी के सामने रविवार को सुबह 10.30 बजे के आसपास विद्युत विभाग द्वारा मशीन से पोल की शिफ्टिंग की जा रही थी। इसी दौरान पोल को निकालते समय अचानक मशीन से पोल का संतुलन बिगड़ गया जिससे मशीन ऑपरेटर ओम सिंह गोंड, पिता उधो गोंडउम्र 40 वर्ष निवासी रैतरा पोल की चपेट में आ गया। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोंटे आई। उसे प्रारंभिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृतघोषित कर दिया। वहीं उनका एक साथी मजदूर झूमुक बैगा भी पोल की चपेट में आ गया, हादसें में उसका बांया पैर फ्रेकचर हो गया। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय मुंगेली रेफर किया गया। घटना की सूचना लोरमी थाने में दी गई।

जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में केंवतरा स्कूल की प्रिया आई प्रथम

मस्तूरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत की कड़ी में 2047 का विकसित भारत एवं 25 वर्षों के बाद का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर को सेजेस शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंदी माध्यम में आयोजन किया गया।

जिसमें जिले के 04 विकासखंड बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर, कोटा के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से कक्षा 01 से 08 और कक्षा 09 से 12 वी स्तर के विकास खंड से चयनित चित्रकला में 80 एवं भाषण में 40 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा अशोक विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर निगम बिलासपुर आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय रहे। शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। बीईओ



मस्तूरी शिवराम टंडन के दिशा निर्देश और नोडल अधिकारी एबीईओ मीनाक्षी बेग के मार्ग दर्शन में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के परिणामों चित्रकला अ वर्ग में प्रिया टंडन मार्क नेशनल पब्लिक स्कूल केंवतरा प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रतियोगिता के विजेता छात्रा को प्रमाण पत्र मोमेंटो देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रिया टंडन ने इस सम्मान का श्रेय अपने शिक्षक लोमश, सरोजनी एवं अपने माता पिता द्वारिका टंडन, रेखा टंडन को दिया है जो विकास खंड मस्तूरी अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भरारी के सरपंच हैं।

घर से निकली युवती लापता, मामला दर्ज

तखतपुर। घर से बिना बताए निकली युवती के घर नही पहुंचने पर परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूचना पर पुलिस ने धारा 140, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों के अनुसार राजपुर निवासी रामचरण पोर्ते ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 सितम्बर को सुबह 9:30 बजे उसकी 23 वर्षीय पुत्री जो कॉलेज की पढ़ाई करती है। घर से निकली और जब घर नही पहुंची तब आसपास एवं परिजनों से पूछताछ की गई पर कोई सुराग नही मिला। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 140, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

नवरात्र की तैयारियां तेजः दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

मुंगेली। शहर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा उत्सव की विशेष तैयारियां की जा रही है। मां दुर्गा की मूर्तियां बनाने में मूर्तिकार लगे हुए हैं। दुर्गा पूजा की तैयारियों के मद्देनजर कलाकार मां की मूर्तियां तैयार करने में जुटे हुए है। दुर्गा उत्सव समितियां मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओ के साथ आकर्षक सजावट एवं झांकियो के साथ पंडाल तैयार करने में लगे हुए है। देवी मंदिरों में रंगाई–पोताई कर कलश स्थापना की तैयारियां की जा रही है।

गणेश पर्व के सुखद समापन के बाद नवरात्रि की तैयारियों में जुट गए है। नगर में नवरात्रि के समय दुर्गा उत्सव में सड़को पर दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है। शहर सहित गांवो में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर विधि–विधान से प्रतिदिन आरती पूजा अर्चना की जाती है। नौ दिनो तक दुर्गा पंडाल में भक्ति की बयार बहती है। नवरात्रि में श्रद्धालुजन पूजा अर्चना में जुटे रहते है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से हजारो की संख्या में दर्शनार्थी दुर्गा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा के दर्शन के लिये पहुंचते है। पंडाल के आस–पास मेला लगा रहता है। नवरात्रि तक रात भर दुर्गा मां की अराधना जसगीत तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते है। पुराना बस स्टैण्ड आगर क्लब मैदान में दुर्गा पंडाल आकर्षक ढंग से सजावट की जा रही है। मल्हापारा, शंकर मंदिर, बालानी चौक, मलाईघाट, पड़ाव चौक में पंडाल तैयार की जा रही है। महामाया मंदिर सहित क्षेत्र के देवी मंदिरों में भी रंगाई–पोताई कर ज्योति कलश स्थापना की तैयारियां की जा रही है।



दुर्गा प्रतिमाओं को आकार देते मूर्तिकार

तखतपुर से महाराष्ट्र जाएगी अद्भुत काली माता की प्रतिमा



तखतपुर। छत्तीसगढ़ के तखतपुर से महाराष्ट्र के लिए जाएगी 13 फीट की अद्भुत काली माता की प्रतिमा। जिसका निर्माण रॉकी आर्ट, तखतपुर सिलतरा के कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है। कारीगरों में दूजराम साहू, संदीप साहू एवं गोवर्धन साहू के द्वारा मूर्ति निर्माण में पारंपरिक शिल्पकला, बारीक कारीगरी और मेहनत का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कलाकारों के सहयोगी पप्पू साहू का कहना है कि यह प्रतिमा न केवल भक्ति और आस्था का प्रतीक है, बल्कि छत्तीसगढ़ की कला और प्रतिमा की एक अनोखी पहचान भी बनेगी। रॉकी आर्ट के कलाकार पूरी समर्पण के साथ इस प्रतिमा को आकार दे रहे है। ताकि यह महाराष्ट्र में भक्तों के बीच भक्ति, शक्ति और श्रद्धा का संचार कर सके। राकी आर्ट के कलाकारों का कहना है कि हमारी कोशिश है कि माँ काली की यह प्रतिमा जहाँ भी जाए, वहाँ भक्ति और कला की अमिट छाप छोड़ सके। दुर्गा पूजा, काली पूजा और विशेषता धार्मिक आयोजनों के लिए छत्तीसगढ़ से देशभर में प्रतिमाएँ भेजी जाती है। जिसमें तखतपुर सिलतरा का रॉकी आर्ट आज गुणवत्ता, कला के लिए जाना जाता है। कलाकारों द्वारा तैयार की जा रही यह प्रतिमा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक मूर्तिकला और हुनर की उत्कृष्ट मिसाल है। यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्थानीय कारीगरों के कौशल और मेहनत को भी दर्शाती है। युवा कलाकारों को नई पीढ़ी से इस परंपरा को आगे बढ़ा रही है, जिससे छत्तीसगढ़ की मूर्तिकला को नई उड़ान मिली है।

व्याख्याता संघ ने ऑनलाइन कार्यो के लिए दबाव बनाने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने वर्तमान में यू-डाइस एवं अपार आईडी जनरेशन सहित विभिन्न ऑनलाइन प्रविष्टियों एवं सत्यापन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु विद्यालयों के ऊपर निरंतर दबाव बनाए जाने का विरोध किया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा और प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में इन कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यक भौतिक एवं तकनीकी संसाधनों का अभाव है। अनेक विद्यालयों में कम्प्यूटर, निर्बाध इंटरनेट सुविधा तथा प्रशिक्षित डाटा एंट्री ऑपरेटर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी परिस्थितियों में शिक्षक को अपने निजी संसाधनों का उपयोग करने अथवा निजी कम्प्यूटर केन्द्रों एवं साइबर कैफे की सेवाएं लेने के लिए विवश होना पड़ रहा है। इसके कारण उन्हें अतिरिक्त आर्थिक व्यय वहन करना पड़ रहा है, जिसके प्रतिपूर्ति संबंधी कोई स्पष्ट प्रावधान भी उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि शिक्षकों पर अनावश्यक आर्थिक एवं मानसिक भार भी डालती है। शिक्षकों का मूल दायित्व विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करना तथा शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करना है। लगातार बढ़ते गैर-शैक्षणिक एवं तकनीकी कार्यों के कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने यू-डाइस एवं अपार संबंधी कार्यों के लिए प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट एवं अन्य आवश्यक तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने, ऐसे कार्यों के लिए पृथक डाटा एंट्री ऑपरेटर अथवा तकनीकी सहायक की व्यवस्था की जाए। संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित किए बिना किसी भी विद्यालय पर दबाव न बनाया जाए तथा निजी स्तर पर कराए गए ऑनलाइन कार्यों के व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखते हुए उन्हें शिक्षण कार्य के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराया जाए। संघ का स्पष्ट मत है कि बिना आवश्यक संसाधनों एवं मानवबल की व्यवस्था किए केवल आदेश जारी कर कार्य पूर्ण कराने का प्रयास प्रशासनिक दृष्टि से उचित नहीं है। यदि इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तथा अनावश्यक दबाव बनाना जारी रखा गया, तो छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ अपने सदस्यों के हितों की रक्षा हेतु विरोध के लिए बाध्य होगा।

कोतरी नाला में चला स्वच्छता अभियान, नागरिकों ने लिया स्वच्छ एवं सुंदर लोरमी का संकल्प

लोरमी। नगर पालिका परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा घटक के तहत पांचवें दिन रविवार को मुंगेली रोड स्थित वार्ड क्रमांक 12 के कोतरी नाला में नागरिकों की सहभागिता से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए नाला एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में महामाया मंदिर समिति कुंदरापारा, ऑटो पार्ट्स मिस्त्री यूनियन संघ एवं शिक्षक संघ की प्रमुख सहभागिता रही।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने कहा कि नदी-नालों की स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से



नालों में कचरा नहीं डालने तथा जल संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान की सराहना की। अभियान के अंत में वार्ड पार्षद धनंजय दुबे ने अभियान में सहभागी सभी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं नगर पालिका कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, सीएमओ चंदन शर्मा, पार्षदगण रिक्की सलूजा, सोहन डड़सेना, धनंजय दुबे, एल्डरमैन अमिताभ तिवारी, अशोक साहू, मिंटू अग्रवाल, विनोद राजपूत सहित नगर पालिका टीम वार्ड के रमेश राजपूत, ईश्वर राजपूत, नकुल राजपूत, गोपाल राजपूत, कमलेश श्रीवास, लालू राजपूत, धन्नू साहू , श्याम लाल राजपूत, धर्मजीत राजपूत एवं भाजपा के सभी वरिष्ठ जन विक्रम सिंह ठाकुर, दिनेश साहू, अशोक जायसवाल, जुगनू साहू, श्रवण ध्रुव, कमलाकांत, हेम राजपूत, क्षितिज यादव, तिलक, दिनेश राजपूत, तिजाऊ राजपूत, अविनाश, सोमेश श्रीवास एवं पूरा नगर पालिका टीम शामिल रहे।

20 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि मड़वारानी ओवर ब्रिज के नीचे धमनागुडी निवासी दिल सिंह मंझवार प्लास्टिक के बोरी के झोला में हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब अपनी मोटेर सीजी 12 बीएच 3577 से साजापनी से मौहार होते हुए धमनागुडी की ओर लेकर जा रहा है। सूचना मिलने पर उरगा पुलिस अपने दल बल सहित मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीएच 3577 में सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी के साथ मिला जिसे रूकवाकर चेक किया गया जो एक सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरा वाले झोला के अन्दर 20 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमती 2 हजार रू मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ग्राम घाठाद्वारी पठियापाली निवासी दिल सिंह मंझवार उम्र 48 वर्ष पिता स्व. फिरतू राम मंझवार के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

परिक्षेत्र के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन



लखराम। सूर्यवंशी समाज रतनपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने पंडित भागवत प्रसाद मांडवा और उपाध्यक्ष बने पंडित गयाराम लास्कर से दोनो के पदाधिकारी बनने से समाज और युवाओ में हर्ष देखा गया। रतनपुर परीक्षेत्र के तीनो सर्कल सिंघरी, सेमरा चपोरा, और देजा बिजा सर्कल मिलाकर इन पदाधिकारीयों का मनोनीत किया गया। रतनपुर परिक्षेत्र के सह सचिव के पद पर सेमरा निवासी रामनिहोरा लास्कर मनोनीत हुए।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि
बिलासपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



जागरूकता

सीयू के स्वयंसेवकों का अरपा में स्वच्छता अभियान



बिलासपुर। अरपा नदी की स्वच्छता, संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से अरपा मैया भक्तजन के तत्वावधान में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा लगातार तीसरे सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाया गया। पचरी घाट, किला वार्ड स्थित हैप्पी स्ट्रीट के समीप आयोजित इस अभियान में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर नदी तट एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की तथा वहाँ एकत्रित कचरे को हटाया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अरपा नदी के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और नदी के संरक्षण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस अभियान में सुरज साहू, नवीन राव, अमन नामदेव, आदर्श चतुर्वेदी, हैदर, सूरज पाठक, मुस्कान कुमारी, पुष्पांजलि जांगड़े एवं साक्षी केवट सहित लगभग 40–50 स्वयंसेवक एवं नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने श्रमदान के माध्यम से अरपा नदी एवं उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने में योगदान दिया।

आयोजन

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संकल्पों का सामूहिक वाचन



बिलासपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मिशन उच्चतर माध्यमिक शाला में संपन्न हुई। परीक्षा के उपरांत पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा उद्घोषित 'नवयुग का संविधान' के प्रमुख संकल्पों को विद्यार्थियों, विद्यालय के पदाधिकारियों तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की पर्यवेक्षक टीम की उपस्थिति में सामूहिक रूप से दोहराया गया। इस अवसर पर युग निर्माण सत्संकल्प पर आधारित 'हम बदलेंगे, युग बदलेगा' 'राष्ट्रीय एकता एवं समता के प्रति निष्ठावान रहेंगे।' इन संकल्पों का सामूहिक वाचन किया गया। साथ ही इन जीवन-मूल्यों को अपने आचरण में उतारने तथा समाज, राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

धर्म-क्षेत्र

गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन के साथ भागवत कथा का समापन



बिलासपुर। गया विहार सरकंडा में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का रविवार को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कथावाचक घनश्याम पाण्डेय ने अपने पण्डितों की टीम के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा संपन्न कराई। कथा के मुख्य यजमान राकेश कुमार दुबे व रजनी दुबे सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने पूजा में भाग लेकर पूर्णाहुति की। सोमवार 5 अक्टूबर को पितृ श्राद्ध कर विसर्जन किया जाएगा। ब्रम्हभोज का आयोजन होगा। स्व. मनोज दुबे की स्मृति में आयोजित भागवत कथा के समापन अवसर पर अधिवक्ता राजेश्वर दुबे, उमा दुबे, ओमप्रकाश, सरला, रामेश्वर, दिलीप, अनिल दुबे, चन्द्रहास, सरोज पाण्डेय, हर्ष दुबे, हनी दुबे, अन्नपूर्णा दुबे, पूर्णिमा दुबे, ममता दुबे, आकांक्षा दुबे, प्रीति, स्वीटी सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ, निकली शोभायात्रा

बिलासपुर। भगवान जगद्गुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री खाटू श्याम मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर परिसर, गोलबाजार में रविवार से तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर वातावरण में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में रामानंद संप्रदाय के भक्त एवं श्रद्धालु शामिल हुए। भव्य शोभायात्रा में ध्वजधारी श्रद्धालु, कलशधारी महिलाएं, भजन-कीर्तन मंडलियां सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।



भक्तों ने पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन एवं जयघोष करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर श्रद्धापूर्वक शोभायात्रा में सहभागिता की गई, वहीं ध्वजधारी श्रद्धालुओं और भजन मंडलियों ने अपनी भक्ति से शोभायात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। शोभायात्रा के पश्चात कथा स्थल पर चरणपादुका एवं ग्रंथ स्थापना पूजन तथा आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने चरणपादुका एवं ग्रंथ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सेट एग्जाम में पूछा- कैसी थी वैदिक कालीन शिक्षा

पहली पाली में 5087 दूसरी पाली में 5177 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले में परीक्षा के लिए कुल 93 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा को लेकर केंद्रों के आसपास सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ रही। निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए, जिसके बाद देरी से पहुंचे कई अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं मिल सका।

93 केंद्रों पर हुई राज्य पात्रता परीक्षा, 41 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

बिलासपुर। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:15 बजे से 11:15 बजे तक आयोजित की गई। इसके लिए मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया गया था। जिले में पहली पाली के लिए कुल 25 हजार 685 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 20 हजार 598 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5 हजार 87 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की जांच के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। इसी तरह दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित हुई। दूसरी पाली के लिए मुख्य द्वार दोपहर 1:30 बजे बंद कर दिया गया था। इस पाली में 20 हजार 508 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 5 हजार 177 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे।



दोनों पालियों में 10 हजार अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

राज्य पात्रता परीक्षा में दोनों पालियों को मिलाकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए। पहली पाली में 20 हजार 598 और दूसरी पाली में 20 हजार 508 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं दोनों पालियों में कुल 10 हजार 264 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर सुबह से ही चहल-पहल रही और परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकलते नजर आए।

मुख्य मार्गों में यातायात बाधित

बड़ी संख्या में एक साथ षा राज्य पात्रता परीक्षा के दोनों पालियों में परीक्षा समाप्त होने के बाद मुख्य मार्गों पर अचानक यातायात का दबाव बढ़ गया। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के एक साथ परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलने के कारण कई प्रमुख मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। परीक्षा केंद्रों के आसपास वाहनों की कतार लग गई और परीक्षार्थियों को भीड़ के बीच अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई। कई स्थानों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। परीक्षा केंद्रों के आसपास कुछ देर तक जाम जैसे हालात बने रहे, जिसके चलते राहगीरों और स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस तरह के पूछे सवाल

परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र में वायुमंडल में उपस्थित कौन-सी गैस अम्ल-निर्माण की पूर्ववर्ती गैसें कहलाती हैं,शाखा, चारण, परिषद्, गोत्र इन शब्दों का प्रयोग वैदिक काल में किसके लिए होता था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2000 में 'मिलेनियम घोषणा' के तहत तय किए गए आठ मिलेनियम विकास लक्ष्य कौन से हैं,मुदालियर आयोग, कोठारी आयोग, राधाकृष्णन आयोग, सैडलर आयोग और हंटर आयोग को उनके गठन के कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें। भारत की चार प्रमुख ऋतुओं और महीनों का मिलान कीजिए। व्यक्तिगत अपेक्षाओं और विचारों के माध्यम से संचार को प्रभावित करने वाला कारक कौन-सा है, न्याय दर्शन द्वारा कौन-सा प्रमाण स्वीकार नहीं किया गया है। एक नेटवर्क में आईपी एड्रेस के डायनामिक एलोकेशन के लिए निम्न में से किस प्रोटोकॉल का इस्तेमाल किया जाता है,वैदिक काल में, शैक्षिक संस्थानों में शिक्षकों को शैक्षिक प्रशिक्षण की क्या व्यवस्था थी।

सीपीसीबी की गाइडलाइंस के अनुसार, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों के आस-पास 100 मीटर तक के संवेदनशील इलाकों में दिन के समय ध्वनि का स्वीकार्य स्तर क्या है। फल, बीज, पौधा, फूल, पेड़ को एक सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें इस तरह के प्रश्न पूछे गए।

एक वर्षीय निःशुल्क पीएससी कोचिंग चयन परीक्षा में शामिल हुए 170 परीक्षार्थी

छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज प्रदेश संगठन द्वारा आयोजित प्रतिभा 4.0 - एक वर्षीय निःशुल्क पीएससी कोचिंग चयन परीक्षा रविवार को प्रदेश के चार संभागीय केंद्र बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग व जगदलपुर में एक साथ शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। इस राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने अवसर प्रदान करना था, ताकि चयनित 4 विद्यार्थियों को एक वर्ष के लिए प्रतिष्ठित पीएससी कोचिंग सेंटर में निःशुल्क भर्ती कराया जा सके। प्रथम चरण में प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की दूसरी पाली में मेंस मुख्य परीक्षा होगी, जिसमें अंतिम प्रवीण सूची जारी की जाएगी। अंतिम सूची के 4 वरीयता प्राप्त विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर में एडमिशन कराया जाएगा, जिसकी संपूर्ण फीस प्रदेश संगठन वहन करेगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 90 मिनट की थी। प्रदेश भर से कुल 170 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। बिलासपुर 39, रायपुर 91, दुर्ग 37 एवं जगदलपुर 3 विद्यार्थी उपस्थित रहे हैं। बिलासपुर केंद्र बिलासा छात्रावास, निषाद केवट समाज, लिंगियाडीह, अपोलो हॉस्पिटल के पास बनाया गया था। बिलासपुर केंद्र आयोजन समिति में केन्द्राध्यक्ष राजू कैवर्त, सह केन्द्राध्यक्ष अजीत नाविक, पर्यवेक्षक- गजेन्द्र कैवर्त, कांशी कैवर्त, सत्यप्रकाश कैवर्त, प्रतिमा निषाद। अन्य सहयोगियों में दीप कैवर्त, करण निषाद, राजकुमार निषाद, हरप्रसाद कैवर्त, धनेश कैवर्त, रामायण कैवर्त, गुरुचरण निषाद व अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

डीपीएस : बच्चों के साथ अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता

कार्टून फन डे में नन्हे सितारों ने बिखेरा उल्लास

बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पीपी विंग में एलजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए 'कार्टून फन डे' का आयोजन बड़े उल्लास और उमंग के साथ किया गया। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। कार्टून की रंगीन और मनमोहक दुनिया से सजे मंच एवं विद्यालय परिसर ने कार्यक्रम में चार-चाँद लगा दिए। नन्हे बच्चों ने अपने पसंदीदा कार्टून गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों में खुशी, उत्साह और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। बच्चों की मासूम मुस्कान और उमंग ने पूरे वातावरण को आनंद एवं उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए 'कार्टून कैरेक्टर ड्रॉइंग एक्टिविटी' का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कल्पनाशक्ति का परिचय देते हुए विभिन्न कार्टून पात्रों के सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाए। इस गतिविधि के निर्णायक मंडल में राजनीर कौर मैम, अंकिता माहेश्वरी मैम, दीपा सिंह मैम, ममता राठौर मैम एवं माधवी शामिल रहीं। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों की रचनात्मकता एवं प्रस्तुति का मूल्यांकन किया गया तथा विजेताओं की घोषणा की गई। अधिराज अग्रवाल, कियान दुबे, अदिति सिंह, अव्युक्त लुला, आदित्री सिंह भट्ट एवं निष्का मेश्राम। विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं रचनात्मकता के लिए प्रशंसा एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जसपाल सिंह माथ जी ने अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं कल्पनाशक्ति को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





पितृ पक्ष सिखाता है कृतज्ञता, क्षमा





भूल के लिए मांगे क्षमा

बीके स्वाति दीदी ने कहा कि "सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम अपने पूर्वजों के अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में धारण करें, उनके प्रति धन्यवाद रखें, अपनी भूलों के लिए क्षमा मांगें और मन में किसी के प्रति कोई बोझ हो तो उसे क्षमा करके स्वयं भी हल्के हो जाएं। सुहाणी वृद्धाश्रम में दिया गया उपयोगी सामान।

बिलासपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में पितृ पक्ष के अवसर पर विशेष भोग अर्पित किया गया।

सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने पितृ पक्ष का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा कि किसी भी धार्मिक कार्य का महत्व केवल उस कार्य को करने में नहीं, बल्कि उसे किस श्रद्धा और किस भावना से किया जा रहा है, इसमें निहित होता है। श्राद्ध का अर्थ श्रद्धा, पूरे विश्वास, सम्मान और सच्चे भाव से किसी कार्य को करना है। एक ही कार्य अलग-अलग भावनाओं से किया जाए तो उसका अनुभव और उसका फल भी अलग होता है। जब कोई कार्य सच्ची भावना से किया जाता है, तभी उसका आध्यात्मिक महत्व बढ़ जाता है। उन्होंने पितृ पक्ष से जुड़ी कर्ण की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्ण ने जीवन में बहुत दान किया, लेकिन पूर्वजों के निमित्त अन्न दान नहीं किया था। कथा के माध्यम से यही संदेश मिलता है कि दान के साथ भावना और कृतज्ञता भी आवश्यक है। धुंधकारी की कथा केवल किसी व्यक्ति की मुक्ति की कहानी नहीं, बल्कि हमारे भीतर के अज्ञान और विकारों से मुक्ति का संदेश भी देती है। क्षमा, कृतज्ञता और शुभभावना के ये तीन संकल्प जीवन को नई शांति दे सकते हैं। उपस्थित भाई-बहनों ने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और शुभभावना के साथ योग-साधना की।

अग्र फन फेस्ट में सजे रंग-बिरंगे स्टॉल, रहा मनोरंजन का खजाना, लाइव बैंड ने बांधा समां

बिलासपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार की शाम अग्र फन मेले के नाम रही। अग्र फन फेस्ट में रंग-बिरंगे स्टॉल सजे जिसमे हस्त कला के साथ मनोरंजन का खजाना सभी का ध्यान आकर्षित किया। देर शाम तक समाज के हर उम्र वर्ग के लोगो ने एंजॉय किया। साथ ही लाइव बैंड ने ऐसा समां बांधा की लोग बैंड की धुन पर थिरकते रहे और अपनी पसंद के गानों को गुनगुनाते हुए अग्र फन का आनंद लिया। अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती पर 15 दिनों का जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमे रविवार की संध्या बेहद खास रही। रायपुर रोड स्थित ग्रैंड लोटस में महिला, पुरुष और बच्चो के लिए अग्र फन फेस्ट का आयोजन किया गया। इस फन फेयर में एक ही छत के नीचे हर उम्र वर्ग के लिए सभी की पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्टॉल सजाए गए। जिसमे लोगो ने अपने परिवार के साथ देर शाम तक आनंद लिया। फेस्ट में लोगों के मनोरंजन के साथ खरीदारी और खान-पान के लिए अलग-अलग तरह के स्टॉल लगाए गए हैं। जिसमे स्टॉल फ़ूड, फन-गेम्स, हैंडीक्राफ्ट, बुटीक एवं स्केचंद क्राफ्ट, प्रॉपर्टी सहित अनेक स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। वही लाइव बैड विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। लोग नए पुराने गानों की धुन के साथ फन फेयर एंजॉय करते रहे।

आयोजन स्थल पर पहुंचने वाले लोगों को एक ही परिसर में फूड, फन-गेम्स, हैंडीक्राफ्ट, बुटीक, स्केच एंड क्राफ्ट और प्रॉपर्टी से जुड़ी जानकारी व उत्पाद देखने का अवसर मिल रहा है। फेस्ट में लगे फूड स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां अलग-अलग तरह के व्यंजन और खान-पान की सामग्री उपलब्ध है। वहीं फन-गेम्स के स्टॉल बच्चों के साथ युवाओं को भी आकर्षित कर रहे। हैंडीक्राफ्ट और बुटीक स्टॉल पर विभिन्न प्रकार की उपयोगी व आकर्षक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। स्केच एंड क्राफ्ट के स्टॉल पर रचनात्मक कलाकृतियां और हस्तनिर्मित सामग्री देखने को मिल रही थी। आयोजन में प्रॉपर्टी से जुड़े स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां शहर और आसपास के क्षेत्रों में उपलब्ध प्रॉपर्टी से संबंधित जानकारी दी जा रही है। फेस्ट का एक प्रमुख आकर्षण लाइव बैंड भी है। संगीत की प्रस्तुतियों से आयोजन स्थल पर उत्सव का माहौल बना हुआ है और लोग खरीदारी के साथ संगीत का आनंद भी ले रहे हैं।



अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति का आयोजन

स्पोर्टस न्यूज

हॉकी प्रीमियर लीग : बिलासपुर स्ट्राइकर ने जीता खिताब

बिलासपुर। हॉकी प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला जीतकर बिलासपुर स्ट्राइकर की टीम ने विजेता होने का खिताब हासिल किया है। स्टार मल्टी वेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के स्पॉन्सरशिप में आयोजित जिला पुलिस प्रशासन चेतना प्रोग्राम अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति बिलासपुर हॉकी प्रीमियर लीग का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हॉकी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ.मनीष श्रीवास्तव, विवेक कुमार सिंह सीनियर मैनेजर एसईसीएल, डॉ.पार्थिपण प्राचार्य डीएवी स्कूल, शबान खान डायरेक्टर बिलासपुर कोल ट्रेडिंग, रोहित बाजपेई अध्यक्ष हॉकी बिलासपुर, स्टार मल्टी वेंचर के सीईओ मिर्जा जुनैद बेग, शेख अकरम, मिर्जा नावेद बेग, रामगोपाल कारियारे एडिशनल एसपी यातायात, अशोक भंडारी थे। सभी मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसईसीएल हॉकी परिवार की ओर से दिया गया। समिति के अध्यक्ष शरद राजेश हेनरी एवं सचिव भुट्टो राज ने बताया कि प्रतियोगिता में बेस्ट डिफेंडर रोहित रजक, बेस्ट मिडफील्डर लवी मानिकपुरी, बेस्ट फॉरवर्ड सागर सूर्यवंशी, मैन ऑफ द सीरीज संदीप ठाकुर रहे। विजेता टीम बिलासपुर स्ट्राइकर को 25000 रुपए नकद राशि एवं ट्रॉफी स्वर्गीय मिर्जा मकसूद बेग कंजा मामा की स्मृति में और उपविजेता टीम बिलासपुर पैंथर को 15000 नकद एवं ट्रॉफी स्वर्गीय मिर्जा रज्जाक बेग की स्मृति में प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन राजेश हेनरी एवं धनीराम यादव ने किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक सैयद मुस्ताकउद्दीन, मिर्जा फरीद बेग, सैयद सुलतानुद्दीन, अमिताभ मानिकपुरी, रवि पारेख, सोनू सिंह सहित खिलाड़ी मौजूद थे।



जूनियर अंडर-23 एथलेटिक्स चयन स्पर्धा

210 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जूनियर एवं अंडर-23 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के चयन हेतु राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में संपन्न हुआ। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कुल 210 बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से जूनियर आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन 41वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा, जो 23 से 27 अक्टूबर तक जेएन स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित होगी। वहीं अंडर-23 आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन 6वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 16 से 18 अक्टूबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर राजस्थान के लिए होगा। इस अवसर पर पीजे सेबेस्टियन, सुशील कुमार मिश्रा, पीजी जय कृष्णन, के श्रीनिवास राव, बेंजामिन, रविंद्र देशमुख, दामोदर, चारु लता गजपाल, स्नेह कुमार यादव, मंतोष कुमार साहू, मनोज, दीपक साहू, तरुण कुमार मंडल, अजित कुमार यादव, सुनील कुमार सिंह, श्रीनिवास, ईश्वर राव सहित अन्य तकनीकी अधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित थे।



बैडमिंटन व शतरंज में खिलाड़ियों का चयन

लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में 5 से 7 अक्टूबर तक आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय बैडमिंटन व शतरंज प्रतियोगिता के लिए कालेज की पुरुष टीम की घोषणा की है। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनिकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आबंटित एकीकृत राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दुर्ग की मेजबानी मे होगा। प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ से जो तकनीकी विश्वविद्यालय से संबंधित 45 टीम के खिलाडी शामिल होंगे। शतरंज टीम मे रामानुजन मिश्रा कप्तान, आदर्श डांडे, गौरव जायसवाल, गौरव श्रीवास्तव, शिवम पाण्डेय व प्रतीक श्रीवास्तव, बैडमिंटन टीम मे पिंकी लिखित कप्तान, साईं यशवंत, एन राहुल, प्रियांक केसरी शामिल हैं।

खबर संक्षेप

सिम्सः मरच्यूरी का फीडर खराब

बिलासपुर। सिम्स के मरच्यूरी की चार फ्रीजर एक बार फिर खराब हैं। ऐसे में कई बार ज्यादा शव होने की दशा में उन्हें बाहर रखना पड़ता है। इससे आसपास के क्षेत्र में बदबू तक फैल जाती है। शव के जल्दी सड़ने की आशंका बनी रहती है। खास बात यह है कि 10 डीप फ्रीजर हैं, लेकिन कुछ महीनों से चार फ्रीजर खराब होने से छह का ही उपयोग किया जा रहा है। वहीं रात्रिकालीन ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों की इसकी भनक नहीं है और रात में आने वाले शव को खराब फ्रीजर में डाला जाता है, जिससे परिजनों को दिक्कत हो रही है।

धारदार हथियार से हमला, सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। एक युवक बाइक सवार से लिफ्ट मांगकर पैसे की मांग करने लगा, मना करने पर उसने बाइक सवार से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिरगिट्टी नगपुरा निवासी राघवेन्द्र यादव पिता स्व. भरतलाल यादव ने बताया, वे व्यापार विहार स्थित शेयर मार्केट कार्यालय में प्राइवेट काम करते हैं। शनिवार की रात वे गांव से बाइक में सवार होकर शहर की ओर आ रहे थे। सिरगिट्टी फाटक के पास एक युवक ने लिफ्ट मांगा। उन्होंने युवक को अपनी बाइक में बैठा लिया। कुछ दूर शराब दुकान के पास गाड़ी रूकवाकर यवुक राघवेन्द्र से पैसा मांगने लगा। मना करने पर युवक ने अपने साथियों को बुला लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इसी दौरान उनके चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पत्नी से मारपीट पेट में बच्चे की मौत, गिरफ्तार

बिलासपुर। चरित्रशंका पर पति के द्वारा गर्भवती पत्नी के साथ जमकर मारपीट करने से पेट में बच्चे की मौत हो गई थी। पुलिस ने फरार आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि बोड़सरा निवासी सभ्या कौशिक पति आशीष कौशिक की 3 साल पहले शादी हुई थी सभ्या 4 माह से गर्भवती थी। 30 सितंबर 2026 को आशीष कौशिक ने चरित्रशंका पर पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी और लात से कई बार पेट में मारा, जिससे पेट में बच्चे की मौत हो गई थी। महिला का रायपुर के हास्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 109, 92 के तहत रायपुर से फरार आरोपी पति आशीष कौशिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इलाज के दौरान महिला कैदी ने की भागने की कोशिश

बिलासपुर। इलाज के दौरान महिला कैदी ने भागने की कोशिश की। महिला पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़कर जेल दाखिल करा दिया है। पुलिस ने कैदी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 3 अक्टूबर की सुबह महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा सेंट्रल जेल से महिला कैदियों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया था। इलाज कराने के बाद पुलिसकर्मी महिला कैदियों को गाड़ी में बैठा रही थीं। इसी दौरान हाथ छुड़ाकर महिला कैदी रायगढ़ निवासी रीते महंत भागने लगी। सिम्स परिसर से बाहर निकलकर कैदी सदरबाजार की ओर चली गई। महिला पुलिसकर्मियों ने पीछा करते हुए सिम्स तिराहा के पास उसे पकड़ लिया और जेल दाखिल करा दिया। महिला कैदी हत्या की धारा 302 के मामले में सजा काट रही है।

योजना ठंडे बस्ते में, कई बच्चों को नोटिस | **बेसहारा बच्चों को 1000 रुपए प्रति माह की छात्रवृत्ति देने का है प्रावधान**

महतारी के दुलार पर दो साल से ब्रेक, पात्र-अपात्र की जांच का हवाला, 10 करोड़ की राशि अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरोना महामारी के दौरान बेसहारा हुए बच्चों के लिए शुरू की गई महतारी दुलार योजना में अब ठहराव आ गया है। पिछले दो वर्षों से इन बच्चों को सरकारी छात्रवृत्ति और सहयोग फीस की राशि नहीं मिल पाई है।

खास खबर

लोक शिक्षण संचालनालय ने पात्रता और अपात्रता की जांच के लिए संभागीय कार्यालयों को जिम्मेदारी दी है, जो कि जांच में देरी कर रहे हैं। इस कारण लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि अटकी हुई है। बिलासपुर में ही 436 बच्चों को इस योजना के तहत पात्र मानते हुए छात्रवृत्ति दी जा रही थी।

पंजीकरण और नवीनीकरण जारी



इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल जिन बच्चों का पंजीकरण नहीं हो पाया था, उनका नवीनीकरण जारी है। संभाग स्तर पर इस छात्रवृत्ति योजना की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही भुगतान किया जाएगा। इधर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का कहना है कि दो वर्षों से महतारी दुलार योजना की राशि नहीं मिल पाई है। कुछ स्थानों पर स्कूलों द्वारा बच्चों से फीस मांगने की शिकायतें आई हैं, जिसके कारण कई बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

प्रदेश भर में योजना के तहत 2373 बच्चों की पहचान की गई है। ध्यान रहे की यह योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में थी। इसका उद्देश्य माता-पिता या अभिभावक खो चुके बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना और उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करना था। महतारी दुलार योजना के तहत कक्षा पहली से 8वीं तक के विद्यार्थियों को 500 रुपए प्रति माह और कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 1000 रुपए प्रति माह की छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है। इधर जानकारी मिल रही है कि कुछ बच्चों को राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्राथमिकता दी गई थी, जबकि अन्य बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। हाल ही में मिली जानकारी के अनुसार, इनमें से आधे बच्चों ने फीस नहीं चुका पाने के कारण निजी स्कूल छोड़ दिया है।

कई अनाथ बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे हैं

शिक्षा विभाग के मुताबिक योजना के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल और बड़े निजी स्कूलों में अनाथ बच्चों का एडमिशन होना था। इसके लिए प्रदेश भर में 2373 बच्चों की पहचान भी की गई। इन बच्चों के खाते में लेकिन राशि नहीं पहुंचने की शिकायत शुरू से रही है। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट के मुताबिक प्रदेश में ऐसे हजारों बच्चे हैं जिन्हें महतारी दुलार योजना की छात्रवृत्ति नहीं दी गई। अनाथ बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनकी फीस भी राज्य सरकार को देनी है लेकिन इसमें देरी की जा रही है। गौरतलब है कि बच्चों की खातों में स्कॉलरशिप सीधे शिक्षा संचनालय की ओर से भेजे जाते हैं। अधिकारियों के मुताबिक महतारी दुलार योजना के तहत छात्रवृत्ति या सहायता राशि नहीं मिल रही है, तो संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय या स्कूल के माध्यम से पोर्टल पर सत्यापन प्रक्रिया की जांच करानी चाहिए।

रिपोर्ट मांगी गई थी

लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से दस्तावेजों की जांच कर पात्र और अपात्र बच्चों की रिपोर्ट मांगी गाई थी। संभाग स्तर के सभी जिलों की रिपोर्ट शासन के पास भेज दी गई है। इसमें बच्चों की संख्या और मिलने वाली छात्रवृत्ति दोनों का उल्लेख है। उम्मीद है जल्द ही छात्रवृत्ति की राशि मिल जाएगी।

- **अश्वनी भारद्वाज**, ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग

पार्किंग की मिलेगी सौगात...



पुराने बस स्टैण्ड स्थित मल्टी पार्किंग का काम अंतिम चरण में पहुंचा, जल्द ही लोगों को सुविधा मिलने की आशा की जा रही है।

महिला के घर से 6 लाख के जेवर-नकद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला के घर से आलमारी का ताला तोड़कर 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस ने चोरी करने के संदेह में तीन युवकों व एक खरीददार को हिरासत में लिया है।

उसलापुर सागरदीप कालोनी निवासी बिन्दावती मिश्रा पति स्व. राधामोहन मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पति सीएएफ में पीसी के पद पर पदस्थ थे। वर्ष 2015 में उनकी केंसर बीमार से मृत्यु हो गई। उनके स्थान पर उनके बेटे आशीष मिश्रा को अनुकंपा नियुक्ति मिली है। तीजा त्यौहार के बाद वे एक माह के लिए रींवा चली गई थीं। उनका बेटा आशीष शर्मा अकेले घर में था। 29 सितंबर को उनके नाती अभिमान द्ववेदी ने उन्हें फोन कर बताया, उनके घर में 25 सितंबर की रात चोरी हो गई है। 3 अक्टूबर को वे अपने घर लौटीं तो उनके रूम का दरवाजा खुला था और अंदर आलमारी का ताला टूटा था आलमारी में रखा सोने का हार, झुमका, माथा टीका, एक नथ, तीन अंगूठी, दो जोड़ी पायल, पायजेब, करधन, बिछिया व 12 हजार रुपए नकद सहित 6 लाख 15 हजार का सामान चोरी हो गया था। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

- तीन युवक व खरीददार हिरासत में

थाने में सराफा व्यापारियों का जमावड़ा

पुलिस ने पतासाजी कर तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर युवकों ने शहर के एक सराफा व्यापारी के पास चोरी के जेवर बेचना बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने खरीददार सराफा व्यापारी को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस उससे पूछताछ कर चोरी के जेवर बरामद करने में लगी हुई है। वहीं देर रात तक सराफा व्यापारियों का सकरी थाने में जमावड़ा लगा हुआ था।

सोना देने का झांसा देकर महिला से सवा लाख की आनलाइन ठगी

बिलासपुर। मोबाइल में बेटा बनकर ठग ने महिला को सोना देने का झांसा दिया और सवा लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, जबड़ापारा निवासी पूनम अजवानी 55 साल बच्चों के साथ रहती है। एक माह पूर्व उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। बातचीत के दौरान मोबाइल धारक बातों में फंसाकर उनका बेटा बन गया। उसके बाद उन्हें फोन कर कहा मां उसके पास कीमती सोना है और वह उसे देना चाहता है। महिला लालच में आ गई और उसकी बातों में फंस गई। उसके बाद मोबाइल धारक ने उन्हें कहा उसका सोना फंसा हुआ है, उसे निकालने के लिए पैसे की जरूरत है। महिला उसके झांसे में आकर पैसा देने को तैयार हो गई। उसके कहने पर अलग अलग किश्तों में बताए गए बैंक खाते में 1 लाख 24 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। महिला ने उसे रुपए देने के लिए अपने व बच्चों की जमा राशि के अलावा मकान मालकिन से 30 हजार रुपए उधार भी लिया। उसके बाद भी मोबाइल धारक बहाना बताते हुए 32 हजार रुपए की फिर से मांग करने लगा। महिला ने अपने बच्चों व अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। उसके बाद उन्हें पता चला कि वे ऑनलाइन ठगी की शिकार हो गई हैं।

महिला सरकण्डा थाने जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज जांच किया है।

साढ़े 6 लाख के गांजा सहित पकड़ा गया आरोपी

बिलासपुर। जीआरपी की टीम ने रेलवे स्टेशन पर मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को साढ़े 6 लाख रुपए के गांजा तस्करी करते हुए पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार बिलासपुर जीआरपी की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संदिग्ध अवस्था में बैठा हुआ है, जिसके पास गांजा रखा हुआ है और वह जबलपुर की ओर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम प्लेटफार्म नम्बर 7-8 पर पहुंची, जिन्हें देखकर उक्त व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ और उसके पास रखे बैग की छानबीन की।

कोलगांवां सतना निवासी दीपक कुमार गुप्ता पिता रामप्रसाद गुप्ता 33 साल के पास रखे बैग में 6 लाख 47 हजार 500 रुपए कीमत करीब 12 किलो 950 ग्राम गांजा रखा हुआ था, जिसे वह ओडिशा से लाने के बाद मध्यप्रदेश की ओर ले जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा था। पूछताछ और छानबीन करने के बाद जीआरपी की टीम ने गांजा जब्त कर आरोपी दीपक कुमार गुप्ता के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड में भेज दिया गया।

अवैध सागौन से बना रहा था फर्नीचर दबिश देने से पहले आरोपी फरार

वन विभाग की टीम ने किया लकड़ी और अन्य सामानों को जब्त

बिलासपुर। जंगल में सागौन की अवैध कटाई करने के बाद घर में फर्नीचर और अन्य सामान बनाने का काम करने वाले आरोपी के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने आरोपी के घर से लाखों की लकड़ी सहित अन्य सामानों को जब्त कर जांच शुरु कर दी है। वहीं विभागीय टीम के गांव पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया था, जिसकी खोजबीन की जा रही है।



आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करती वन विभाग की टीम।

रविवार की दोपहर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना मिलने पर वन और पुलिस के अमले ने लमकेना निवासी सुरेश खांडे पिता रेशम खांडे के घर में दबिश दी, जहां आरोपी ने लकड़ी को बाड़ी में छिपाकर रखा हुआ था। टीम ने आरोपी के घर और बाड़ी से आरा मशीन, इलेक्ट्रिक चैन सॉ मशीन, रमदा मशीन, बढ़ईगिरी की सामग्री, सागौन, साल, मिश्रित चिरान सहित अन्य सामानों को जब्त किया, जिसकी कीमत लाखों में थी। अवैध सागौन और अन्य प्रजातियों की लकड़ी से आरोपी फर्नीचर बनाने का काम करता था। वन विभाग की टीम ने लकड़ी और सामानों को कोटा सेल डिपो भेजने के बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत मामला कायम कर लिया है।

कवच 4.0 से बढ़ी जोन की ट्रेनों की रफ्तार

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में कवच 4.0 से ट्रेनों की रफ्तार में वृद्धि हुई है।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में कवच 4.0 का कार्य शुरु कर दिया गया है, ताकि ट्रेनों की दुर्घटना में कमी आने के साथ ही रफ्तार को भी बढ़ाया जा सके। इसके तहत बिलासपुर के कुछ सेक्शन में काम होने के उपरांत रायपुर रेल मंडल दुर्ग से मांढर तक 70 किलोमीटर के सभी रेल रूट सहित सरोना से उरकुरा बाईपास लाइन पर स्टैंडर्ड कवच की कमीशनिंग पूरी की गई।

इस परियोजना के अंतर्गत 984 ट्रैकसाइड आरएफआईडी टैग्स को अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के स्थापित एवं प्रोग्राम किया गया। आरएफआईडी प्रणाली का कार्यान्वयन कवच 4.0 के तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप किया गया है। रेलवे के अनुसार कवच विकसित स्वदेशी आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। यह ट्रेनों की गति एवं स्थिति से संबंधित जानकारी के आधार पर संरक्षित परिचालन में सहायता करती है।

आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित ब्रेकिंग के माध्यम से ट्रेन को सुरक्षित रोकने में भी सक्षम है। इससे आमने-सामने की संभावित टक्कर से बचाव, पीछे से होने वाली संभावित टक्कर से बचाव, ट्रेन के अनियंत्रित रूप से आगे बढ़ने से सुरक्षा, स्टैंडस्टिल के दौरान आवश्यक मूवमेट से सुरक्षा और असामान्य रूप से ट्रेन रूकने की स्थिति में ऑनबोर्ड सुरक्षा सुविधा होती है।



851 नए अधिवक्ता को पंजीकृत करने की अनुशंसा

बिलासपुर। छग राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर के नामांकन समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। सचिव ने बताया कि समिति की बैठक परिषद के मुख्य कार्यालय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी बिलासपुर छग में आयोजित की गई। इसमें नामांकन समिति के अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत, समिति के सदस्य आलोक कुमार गुप्ता, भास्कर साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में नए नामांकन के लिए परिषद को प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक में लगभग 851 आवेदकों को नए अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत करने, तथा 2 अधिवक्ता का सनद पुर्नबहाल एवं कुल 54 प्रोविजनल प्रमाण पत्रों की अनुशंसा की गई। बैठक में अध्यक्ष के कुशल निर्देशन में परिषद के सचिव अमित वर्मा, सह सचिव दीपक सिंह ठाकुर, नामांकन प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार जायसवाल, विशाल सोनी, रूपेश पाण्डेय, दिलीप खांडेय, पियूष शर्मा आदि का सहयोग रहा।

साइंस कालेज मैदान व पुलिस ग्राउंड दोनों जगह पर होगा दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव रावण दहन का कार्य पुलिस ग्राउंड और साइंस कालेज मैदान दोनों जगह पर होगा। साइंस कालेज मैदान में रावण दहन कार्यक्रम के लिए जो पुराना टेंडर निकाला गया था, उसे त्रुटिपूर्ण होने से अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है, किन्तु उसकी जगह पर नया टेंडर निकाला गया है।

- साइंस कालेज मैदान का त्रुटिपूर्ण टेंडर निरस्त, नया टेंडर

पुलिस ग्राउंड में नगर निगम द्वारा सालों से दशहरा उत्सव रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। लेकिन इस बार अरपापार साइंस कालेज मैदान में भी दशहरा उत्सव रावण दहन कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसके लिए 28 सितंबर को निगम द्वारा टेंडर निकाला गया था। इसमें रावण पुतला निर्माण, आतिशबाजी, टेंट शामिल था। बताया जा रहा है इस टेंडर में तारीख त्रुटिपूर्ण थी, जिसके कारण अपरिहार्य कारण बताते हुए नगर निगम जोन क्रमांक सात की ओर से निकाला गया पुराना टेंडर निरस्त कर दिया गया। चूंकि साइंस कालेज मैदान में रावण दहन कार्यक्रम निगम द्वारा आयोजित किए जाने को लेकर सियासत गर्म है, इसलिए टेंडर निरस्त की सूचना आज सोशल मीडिया में वायरल होती रही और लोगों को वस्तविकता पता नहीं थी इसलिए लोग इसी भ्रम में हैं कि टेंडर निरस्त हो गया है इसलिए साइंस कालेज मैदान में नगर निगम रावण दहन नहीं कराएगी, जबकि ऐसा नहीं है।

साइंस कालेज मैदान अरपापार निगम के जोन क्रमांक 7 अंतर्गत आता है इसलिए जोन कार्यालय से ही एक और नया टेंडर निकला है, जिसमें रावण पुतला, आतिशबाजी, टेंट आदि मिलाकर लगभग 22 लाख रुपए का निविदा निकाली गयी है। इससे यह तय हो गया है कि नगर निगम पुलिस ग्राउंड में पारंपरिक दशहरा उत्सव रावण दहन के साथ ही अरपापार साइंस कालेज मैदान में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

आंबा कार्यकर्ता सहायिका भर्ती आवेदन 21 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत नगर पंचायत बिल्हा के भक्त कंवर राम वार्ड क्र 10 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद एवं ग्राम पंचायत हरदी के आंगनबाड़ी क्रमांक 1 में कार्यकर्ता के एक रिक्त पद पर 7 से 21 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। इच्छुक पात्र आवेदिका वेबसाइट में जाकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करते हुए आवेदन कर सकती हैं। देर से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी प्रकार विचार नहीं किया जाएगा।



खबर संक्षेप

जनप्रतिनिधियों ने कौशिक से मुलाकात कर व्यक्त किया आभार



सरगांव। नगर पंचायत सरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ट्रामा सेंटर में उन्नयन की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए सभी जनप्रतिनिधियों ने विधायक धरमलाल कौशिक से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। यह सौगात क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अंबेडकर विद्यालय में प्रार्थना सभा, बच्चे हुए शामिल



मुंगेली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पं. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर के निर्देशन में सर्वधर्म प्रार्थना की गई। अंत में विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी व सदस्य तथा विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती आशा दिवाकर, उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे, छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ग्रामीण बैंक के नवीन भवन एवं मुंगेली नाका की नवीनीकृत शाखा का शुभारंभ



पथरिया। क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के अंतर्गत ग्रामीण बैंक शाखा पथरिया के नवीन भवन एवं मुंगेलीनाका के नवीनीकृत शाखा भवन परिसर का शुभारंभ 3 अक्टूबर 2026 को ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक (प्रशासन) रविंद्र पाल सिंह जाट के कर-कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने दोनों शाखा परिसरों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं प्रमुख बैंकिंग उत्पादों की जानकारी दी तथा उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह राजपूत, वरिष्ठ प्रबंधक (परिचालन), वरिष्ठ प्रबंधक (व्यवसाय), शाखा प्रबंधकगण एवं बैंक के समस्त सेवायुक्त उपस्थित रहे।

शिविर में आंगनबाड़ी, सूर्यघर योजना सहित विभिन्न विभागों के स्टाल से हितग्राही हुए लाभान्वित



मल्हार। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत के तत्वाधान में आयोजित सेवा सेतु शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाना है। जिसे वह अभी तक वंचित है, इसलिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर हितग्राहियों से आवेदन लेकर समस्या का समाधान किया गया। शिविर में आंगनबाड़ी, सूर्यघर योजना सहित विभिन्न विभागों के स्टाल से हितग्राही लाभान्वित हुए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, मछुवारा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनेश्वर कैवर्त, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, एल्डरमैन रामनारायण कश्यप, रवि कैवर्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह सहित नगर पंचायत मल्हार के सभी पार्षद, जनप्रतिनिधि, भाजपा के कार्यकर्ता, शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मातृशक्ति व नागरिक उपस्थित रहे।

प्राचार्य मरावी को पीएचडी की मानद उपाधि भारत गौरव प्रतिभा रत्न अवॉर्ड से हुए सम्मानित



पेंड्रा। शासकीय हाईस्कूल कोटमी खुर्द, विकासखंड गौरेला के प्राचार्य टीकादास मरावी को शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दो राष्ट्रीय स्तर के सम्मान प्राप्त हुए हैं। 3 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित 38वें सुदर्शन सभा कार्यक्रम में टीकादास मरावी को विद्या वाचस्पति पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि राष्ट्रीय अध्यक्ष सद्गृहस्थ संत डॉ हरीश मिश्र, संस्थापक डॉ योगेश तरेहन, पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर निरंकार नंद महाराज, प्रशांत मनोहर गायकवाड तथा महर्षि हिंदी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति डॉ रवि कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में प्रदान की गई। इसी क्रम में 4 अक्टूबर को दिल्ली स्थित होटल रेडिसन ब्लू में इंटरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल इंडिया द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य टीकादास मरावी को भारत गौरव प्रतिभा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत रहे। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तनवीर जफर अली तथा डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ स्वर्णलता पांचाल उपस्थित रहीं।

150 गांवों की गर्भवती महिलाओं की बढ़ी परेशानी

सीएचसी में मशीन मौजूद, रेडियोलॉजिस्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

ब्लॉक मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब दो माह से सोनोग्राफी सुविधा बंद है। सीएचसी में मशीन मौजूद होने के बावजूद रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है। पथरिया क्षेत्र की महिलाओं को जहां करीब 20 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है, वहीं सरगांव क्षेत्र की महिलाओं को करीब 40 से 50 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय जाने की मजबूरी है।

पथरिया ब्लॉक के करीब 150 गांवों के लिए सीएचसी में ही सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध थी। कुछ समय पहले तक प्रत्येक शुक्रवार गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जाती थी। सुविधा बंद होने से अब ग्रामीण महिलाओं को आने-जाने का किराया, समय और परिजन के साथ जाने का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है।



एक रेडियोलॉजिस्ट, सिटी स्कैन शुरू होने से बढ़ी समस्या

जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में एक ही रेडियोलॉजिस्ट है। जिला अस्पताल में सिटी स्कैन सुविधा शुरू होने के बाद रेडियोलॉजिस्ट को वहां सिटी स्कैन कार्य में लगाया गया है। इसके चलते सीएचसी में सोनोग्राफी के लिए उनकी सेवाएं मिलना बंद हो गईं। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से मशीन होने के बावजूद सुविधा ठप है। सरगांव क्षेत्र में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से वहां की गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए 40-50 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं की परेशानी और बढ़ गई है।

जल्द ही दोबारा शुरू होगी सोनोग्राफी

रेडियोलॉजिस्ट के उपलब्ध नहीं होने के कारण करीब दो माह से सोनोग्राफी बंद है। जिले में एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने और सिटी स्कैन शुरू होने के कारण उनकी सेवाएं जिला अस्पताल में ली जा रही हैं। जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था कर पथरिया में सोनोग्राफी सुविधा दोबारा शुरू कराई जाएगी।
-डॉ अमित लाल, बीएमओ



छह केंद्रों में हुई ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

पथरिया। माँ विद्या भारती शिक्षण सेवा समिति, पथरिया द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सकेत, पड़ियाइन, पत्थरगढ़ी, अमोरा, पुटपुरा व पंडरभट्ठा केंद्रों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता को दो स्तरों में आयोजित किया गया। प्रथम स्तर में कक्षा 3 से 8 तथा द्वितीय स्तर में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों स्तरों को मिलाकर कुल 307 प्रतिभागियों ने मोबाइल की सहायता से ऑनलाइन परीक्षा दी। जिसमें प्रथम स्तर में प्रथम कृष राजपूत, द्वितीय उर्वी गुप्ता, तृतीय अभिजीत ध्रुव, चतुर्थ भूपेंद्र यादव, व पंचम सत्यकला पाटले ने व द्वितीय स्तर में प्रथम रितेश सिंह, द्वितीय धनंजय निषाद, तृतीय भुनेश्वरी पाल, चतुर्थ साधना जायसवाल व पंचम स्थान करण कुमार जायसवाल ने प्राप्त कर अपने माता-पिता व गुरुजनों का मान बढ़ाया।

संस्कृत के संरक्षण-संवर्धन को लेकर प्राच्य संस्कृत विद्यालय संघ ने रखीं 10 सूत्रीय मांगें



पेण्ड्रा। प्राच्य संस्कृत विद्यालय संघ छत्तीसगढ़ की ओर से जिला प्रेस क्लब भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार को लेकर संघ ने सरकार के समक्ष 10 सूत्रीय मांगें रखीं। पत्रकार वार्ता में संस्कृत बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्वामी परमात्मानंद, रामजी श्रीवास, विजया उर्मलिया, ऊषा पवार और सुरेंद्र कुमार शिवहरे उपस्थित रहे। स्वामी परमात्मानंद ने कहा कि संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार से जुड़ना एक पवित्र सारस्वत अनुष्ठान में सम्मिलित होने जैसा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृत पाठशालाओं में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है। संघ ने गैर-अनुदान प्राप्त संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानजनक आर्थिक सहयोग देने, संस्कृत पाठशालाओं को गुरुकुल के रूप में विकसित करने के लिए सहायता उपलब्ध कराने, संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार, महाविद्यालयों में संस्कृत विषय शुरू करने तथा संस्कृत विद्यामण्डलम की अनुदान राशि में वृद्धि की मांग की। विजया उर्मलिया ने कहा कि संस्कृत को कठिन भाषा के रूप में देखने के बजाय इसे सरल रूप में जनमानस तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

कथित दुष्कर्म मामले में आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल



जरहागांव। नगर पंचायत बरेला में 14 वर्षीय नाबालिग बालिका से जुड़े कथित दुष्कर्म प्रकरण को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले में आरोपियों को पुलिस कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है, लेकिन घटना को लेकर लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरेला क्षेत्र में सामने आ रहे अनेक आपराधिक कृत्यों ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है और अब अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग जोर पकड़ रही है। घटना को गंभीरता से लेते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई जरहागांव ने भी प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखी हैं। संगठन ने कहा कि नाबालिग से जुड़ा प्रकरण अत्यंत संवेदनशील है और पीड़िता को न्याय दिलाने के साथ-साथ क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर आमजन के मन में पैदा हो रही चिंता को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। प्रकरण में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे जाने के बावजूद बरेला में लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि केवल किसी एक मामले में कार्रवाई पर्याप्त नहीं है।

वन्यप्राणी सप्ताह के तहत शिवतराई में छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता



लोरमी। अचानकमार टाइगर रिजर्व में 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2026 तक जुड़े आवास – वन्यजीवन का विकास थीम के तहत वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, दूसरे दिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवतराई में छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अंशः जागरूकता सत्रः प्रियंका पाण्डेय, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) एवं क्षेत्रीय निदेशक, अचानकमार टाइगर रिजर्व, बिलासपुर द्वारा विद्यार्थियों को वनों, वन्यप्राणियों तथा जैव विविधता के संरक्षण एवं उनके मानव जीवन में महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। कला एवं संस्कृतिः स्थानीय गोंड आर्ट पेंटर रागनी धुर्वे का इस आयोजन में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर दिनेश कुमार पटेल, उप संचालक, अचानकमार टाइगर रिजर्व; समीर जोनाथन, सहायक संचालक, लोरमी बफर; परिक्षेत्र अधिकारी (कोटा बफर) तथा क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्वजा को पहला स्थान



मुंगेली। भिलाई में आयोजित प्रतिष्ठित स्वरांगना के तहत राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में मुंगेली की बेटी ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परिजनों एवं मित्रें सहित मुंगेली के समस्त गणमान्य नागरिकों ने उन्हे बधाई दी। एसएनजी स्कूल ऑडिशन भिलाई में 02 से 04 अक्टूबर तक स्वरांगना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए चुनिंदा बाल कलाकारों और युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में मुंगेली के प्रतिष्ठित नागरिक श्याम जायसवाल की बड़ी नातिन पूर्वजा जायसवाल 'पूर्वी' ने चित्रकला विधा में अपनी उत्कृष्ट रचनात्मकता और बेहतरीन रंगों के तालमेल से निर्णायकों को बेहद प्रभावित किया और पहला स्थान अपने नाम कर लिया। सफलता के इस मुकाम पर पूर्वजा जायसवाल को स्वरांगना के भव्य मंच पर मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता ट्राफी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया।

चित्रकला व भाषण स्पर्धा में शामिल हुए 120 छात्र-छात्राएं



मुंगेली। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाउपारा में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड पथरिया, लोरमी एवं मुंगेली के विभिन्न विद्यालयों से कुल 120 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला स्तर से 30 तथा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर से 30 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में भी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला स्तर से 30 तथा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर से 30 विद्यार्थी शामिल हुए। इस प्रकार चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में कुल 120 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में लगभग 80 प्रतिशत छात्राओं एवं 20 प्रतिशत छात्रों की सहभागिता रही, जो विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं बौद्धिक गतिविधियों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। जिला शिक्षा अधिकारी एम.एल. पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न समसामयिक एवं सामाजिक विषयों पर अपनी कल्पनाशीलता और विचारों को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, सामाजिक जागरूकता, देश के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक अशोक सोनी, प्राचार्य लीला श्रीवास्तव, सहायक परियोजना समन्वयक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अग्रवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन, 11 को निकलेगी शोभायात्रा





लोरमी। अग्रवाल समाज के द्वारा नवीन पदाधिकारियों का चयन कर समिति का गठन कर 11 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज द्वारा सुबह प्रभात फेरी विभिन्न प्रकार के खेल कूद प्रतियोगिताएँ एवं शाम को एक शोभायात्रा एवं भजन कीर्तन पूजा पाठ होंगे। अग्रवाल समाज के सचिव से नितेश अग्रवाल मिंटू ने बताया कि सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में नथुलाल चौधरी, पवन गोयल एवं श्यामसुंदर गोयल, अध्यक्ष पवन जिंदल, उपाध्यक्ष नरेन्द्र जिंदल, बनवारीलाल अग्रवाल, सचिव नितेश गोयल, (मिंटू), सहसचिव हितेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष मनोज चौधरी को नियुक्ति हुई है। महिला मंडल में संरक्षक त्रिवेणी जिंदल, प्रेम गर्ग, निर्मला चौधरी, माया गोयल, अध्यक्ष पद के लिए आशा चौधरी, उपाध्यक्ष आशा योगेश चौधरी, सचिव पूजा विजय गोयल, कोषाध्यक्ष प्रेम गोयल एवं खुशबू चौधरी का चयन किया गया। समाज के नवयुवक समिति एवं अग्रसेन जयंती आयोजन समिति हितेश गोयल, विशाल चौधरी, मुकेश सरोठिया सम्यक गोयल, शुभम चौधरी, यश सरोठिया, धीरज गोयल, कृष्ण चौधरी, कुश अग्रवाल, ऋषभ चौधरी, निखिल चौधरी, तुषार चौधरी को जिम्मेदारी दी गई।

कार की टक्कर से दोपहिया चालक की मौत

तखतपुर। लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार चालक ने दोपहिया वाहन सवार को टक्कर मार दी, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। विवेचना के बाद पुलिस ने धारा 106,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 डीवाय 5219 का चालक निखिल कौशिक, परसदा चकरभाठा निवासी 14 सितम्बर को जरेली की ओर से आ रहा था तभी कार क्रमांक सीजी 07 बीटी 1090 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी । हादसे में निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 106,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

हरि कीर्तन प्रतियोगिता में 17 मंडली शामिल, गोढ़ी पेण्ड्री को प्रथम व करई ग्राम को द्वितीय पुरुस्कार



चकरभाठा/मुंगेली। ग्राम पंचायत चकरभाठा में ग्रामीणों द्वारा हरि कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 17 मंडली शामिल हुई। सभी मंडलियों के द्वारा ग्राम में शानदार प्रस्तुति देते हुए पूरे ग्राम में राम नाम के गूंज के साथ रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष राजकमल सिंह परिहार ने शिरकत किया। वही विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिकलाल सोनवानी, लक्ष्मीकांत भास्कर, मधुराय, नानेश साहू ने अपनी उपस्थिति दी। जगह–जगह कीर्तन मंडलियों का स्वागत किया गया। इसी कड़ी में साहू पारा चकरभाठा के द्वारा सभी हर कीर्तन मंडलियों का स्वागत किया गया। जिसमें रोहित साहू, दामोदर साहू, राम प्रकाश साहू, चैनलाल साहू, लिलक साहू, छोटू साहू, रमेश साहू, रमेश जोगी, भेषलाल, अशोक श्रीवास, प्रशांत साहू एवं समस्त मोहल्लेवासी शामिल रहे। आयोजक मंडली के तरफ से सुरेश साहू ने सभी मंडलियों को धन्यवाद देते हुए उन्हें पुरस्कार वितरण किया। जिसमें गोढ़ी पेण्ड्री को प्रथम व करई ग्राम को द्वितीय पुरुस्कार दिया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति से सन्नी साहू, हितेश जायसवाल, नारद जायसवाल, टेकराम साहू, रामसहाय साहू, दिलीप श्रीवास उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

गौ आधारित कृषि प्रशिक्षण में किसानों ने सीखी प्राकृतिक खेती की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मंगल भवन में रविवार को गौ आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गौ आधारित एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देना तथा खेती में उपलब्ध स्थानीय संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण में मल्हार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और उन्होंने कृषि से संबंधित विभिन्न उपयोगी जानकारियां प्राप्त कीं।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक प्रान्त सहसंयोजक, गौ सेवा गतिविधि जितेंद्र साहू ने किसानों को गौ आधारित कृषि के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बीजामृत, घनजीवामृत, गौमूत्र अर्क एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने की विधि समझाई। प्रशिक्षण के दौरान इन जैविक कृषि सामग्री को तैयार करने में उपयोग होने वाली सामग्री, निर्माण की प्रक्रिया तथा खेतों में इनके उपयोग के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। किसानों को प्रशिक्षण में बताई गई विधियों को समझकर अपनी आवश्यकता के अनुसार कृषि कार्यों में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अन्ना सफारे, रोहित शिक्षक, परशरण निर्णजक, गणेश राजू तिवारी एवं घनश्याम तिवारी सहित मल्हार तथा आसपास के क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और गौ आधारित कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। किसानों ने प्रशिक्षक से अपनी जिज्ञासाएं साझा करते हुए खेती में जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को लेकर सवाल भी पूछे, जिनका प्रशिक्षण के दौरान समाधान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं एवं आयोजकों ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों तक कृषि की ऐसी तकनीकों की जानकारी पहुंचाना आवश्यक है, जिन्हें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से समझा और अपनाया जा सके। गौ आधारित कृषि के माध्यम से किसानों को जैविक कृषि से जुड़ी विभिन्न विधियों की जानकारी मिल सकती है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि किसानों को इन विधियों की व्यावहारिक प्रक्रिया समझाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना भी रहा।



मुख्य वनसंरक्षक ने वनों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



लोरमी। वन्य प्राणी सप्ताह तृतीय दिवस को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं पदेन चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन ओ पी यादव, मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव प्रियंका पांडे, उप संचालक दिनेश कुमार पटेल, अचानकमार टाइगर रिजर्व सहायक संचालक बफर, सहायक संचालक (कोर), समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं क्षेत्रीय अमले की उपस्थिति में प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा बैगा रिजॉर्ट, शिवतराई से के ऊंची मार्ग तथा समस्त वन विश्राम गृह, बेरियर का स्थल निरीक्षण किया गया। वनों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डों के द्वारा संबंधित स्थलों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, वन मार्गो, रपटा-पुलिया के निर्माण एवं रख-रखाव कार्यों की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।